हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 23 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर


## इंस्टाग्राम-व्हाट्सएप से चल रहा था कारोबार

# ऑनलाइन सट्टा गिरोह का पर्दाफाश, 7 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला जामुल थाना क्षेत्र के सुंदर विहार कॉलोनी फेस-2 का है। यहां कुछ आरोपी मकान किराये पर लेकर सट्टा रैकेट चला रहे थे। मामले की जानकारी देते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि इस गिरोह के द्वारा रोजाना 3 से 7 लाख रुपए तक का लेन-देन सट्टा से जुड़े कारोबार के जरिए किया जा रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि नालंदा स्कूल के पीछे स्थित एक मकान में ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा है। उनकी टीम ने वहां छापा मारा, जहां आरोपी मोबाइल और लैपटॉप के जरिए सट्टा खिलाते हुए पकड़े गए। जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह ड्रैगन टाइगर, अंदर-बाहर, तीन पत्ती, टेनिस, फुटबॉल और रूलेट जैसे खेलों पर ऑनलाइन सट्टा चला रहा था। गिरोह ने अवैध लेन-देन को छिपाने के लिए अलग-अलग सिम कार्ड और म्यूल बैंक खातों का इस्तेमाल किया।

पुलिस ने पोषण निषाद निवासी अंजोरा, योगेश कुमार विश्वकर्मा निवासी जलेबी चौक भिलाई, गौरव तिवारी निवासी कबीर नगर रायपुर, संजय कुमार जायसवाल निवासी कैम्प-1 जलेबी चौक भिलाई। चुनेश निषाद निवासी श्याम नगर भिलाई, न्यू बसंत टॉकीज भिलाई के पास निवासी विक्रम सिंह उर्फ विक्की और उदल हमणे निवासी भिलाई को गिरफ्तार किया है।

**यह चीजें की गईं जब्त :** पुलिस ने आरोपियों के पास से एक लाख रुपए नकद, 16 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 15 एटीएम कार्ड, 7 बैंक पासबुक, वाई-फाई उपकरण और लेन-देन से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं।

## नवरात्रि विशेष




### पंचमीः स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है।

## 316 केंद्रों में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा आयोजित

# 80 साल के बुजुर्ग, उम्रदराज पति-पत्नी, सास-बहू में भी साक्षर होने का जुनून, 6424 असाक्षरों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

दुर्ग जिले में रविवार को 6424 असाक्षरों ने साक्षर होने परीक्षा दी। तीनों ब्लॉक के 316 परीक्षा केंद्रों में आयोजित इस परीक्षा में 18 साल के युवा से लेकर 80 साल के बुजुर्ग तक शामिल हुए। खास बात यह रही कि 80 साल आयु होने के बाद भी साक्षर होने का जुनून देखने मिला। ये बुजुर्ग किसी कारणवश पढ़ने तो नहीं जा सके लेकिन जीवनकाल के अंतिम पड़ाव में भी पढ़ने-लिखने में दिलचस्पी दिखा रहे। उम्रदराज पति व पत्नी भी कई परीक्षा केंद्रों में आकर परीक्षा दी है। वहीं ऐसा भी नजारा रहा कि सास-बहू ने एक साथ परीक्षा दी।



### कोकड़ी में उम्रदराज पति-पत्नी एक साथ परीक्षा में बैठे



80 साल के प्राथमिक शाला कोकड़ी में उम्रदराज पति श्रीराम व उनकी पत्नी भगैय्या बाई 70 साल ने एक साथ परीक्षा दी। अंजोरा ग्राम के चंचला यादव और मुरलीधर यादव पति व पत्नी एक साथ साक्षर होने परीक्षा में बैठे।

बोरसीभाठा पूर्व माध्यमिक शाला परीक्षा केंद्र में



75 साल के सुग्रीव और 70 साल की सुकवारों ने साक्षर होने परीक्षा दी। इस तरह के दृश्य आमतौर पर ज्यादातर परीक्षा केंद्रों में देखने मिला। वे बतातें हैं कि अक्षर ज्ञान और संख्या ज्ञान के लिए स्वयंसेवी शिक्षकों ने महीनों से तैयारी करवाई। तब जाकर वे परीक्षा में शामिल होने लायक बने। बर्तनों के चिन्ह के नीचे उनके नाम, फूल, फल, नदियां आदि चित्रों के नीचे खाली जगह पर उनके नाम लिखे।

### तिलक लगाकर शिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन

उल्लास साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन परीक्षा एन.आई.ओ.एस द्वारा आयोजित हुआ। परीक्षा के दौरान पूरे केन्द्रों में उल्लासमय वातावरण था। जहां शिक्षार्थी परीक्षा देने के लिये बहुत उत्साहित दिखे। हर केन्द्र में परीक्षार्थियों का स्वगत तिलक लगाकर, कहीं फूल-माला पहनाकर तो कही बैण्ड बाजे के साथ स्वागत किया गया। इसमें उत्तीर्ण होने वाली शिक्षर्थियों को साक्षर होने का प्रमाण पत्र नियोस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपनर स्कूलिंग द्वारा दिया जा रहा है। जिसमें 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षर जिन्हे स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से 200 घण्टे का अध्यापन कराकर साक्षर किया गया, उन्हे सम्मिलित किया गया। परीक्षा का समय शिक्षार्थियों की सुविधा अनुसार प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक निर्धारित किया, जिसमें प्रत्येक शिक्षार्थी के लिए 3 घंटे का समय आबंटित था।

### जिला व संकुल स्तर पर गठित दल ने किया निरीक्षण

परीक्षा के सुचारू संचालक के लिये जिला, विकासखण्ड एवं संकुल स्तर पर मॉनिटरिंग दल का गठन किया गया। सभी स्तर के अधिकारियों के द्वारा केन्द्रों का सघन मॉनिटरिंग किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के द्वारा विकासखण्ड धमधा, डॉ.पुष्पा पुरूषोतमन जिला नोडल अधिकारी के द्वारा विकास पाटन के विभिन्न केन्द्रों का अवलोकन किया गया। जिले के ब्रांड एम्बेसडर डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही द्वारा भी विभिन्न केन्द्रों का अवलोकन किया गया।



**दुर्ग ब्लॉक में 2628 ने दी परीक्षा :** दुर्ग ब्लॉक में इस अभियान के अंतर्गत 2745 असाक्षरों को पंजीकृत किया गया,जिसमें 2628 लोग इस परीक्षा में शामिल हुए। इस 146 केन्दो में परीक्षा हुई।दुर्ग के बोरसी भाठा वार्ड में कुल 40 असाक्षरों का स्वागत किया गया। डुंडेरा, चिखली,रूआबांधा, कुथरेल,नन्दकट्टी,निकुम, अंजोरा, खुर्सीपार, सेक्टर 11, सेक्टर 7, जे पी नगर, गयानगर, तितुरडीह, पोटियाकला, पुलगांव, उमरपोटी, सिकोला भाठा फरीदनगर, रसमड़ा, जामुल, तिलक संकुलों में असाक्षरों की अच्छी उपस्थिति रही।







**खबर संक्षेप**

### भाजयुमो आज निकालेगी मशाल रैली

**दुर्ग।** भारतीय जनता युवा मोर्चा शहीदों की शहादत पर 23 मार्च को मशाल रैली निकालेगी। शाम 5 बजे दुर्ग के पटेल चौक से शहीद चौक तक मशाल रैली निकाली जाएगी। रैली में दुर्ग जिला संगठन के अंतर्गत आने वाले 17 मंडल के वरिष्ठ नेता गण, संगठन एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह ने बताया कि 23 मार्च शहीद दिवस यह दिन केवल तिथि नहीं है यह दिन राष्ट्रभक्ति की ज्योति हैं यह दिन साहस, समर्पण और अदम्य विश्वास का प्रतीक है। जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था,जब अंग्रेजी हुकूमत का अत्याचार चरम पर था, तब शहीद भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव तब इन वीर क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की परवाह किए बिना आज़ादी की अलख जगाई। उनकी याद में उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने मशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। पार्टी हाईकमान के निर्देश और जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया जा रहा है।

### जलजीवन मिशन के अंतर्गत गांवों में पहुंचाएं पेयजल

**दुर्ग।** बढ़ती गर्मी के साथ ही जिले में पेयजल संकट की समस्याएं सामने आने लगी है। इसे लेकर संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने पीएचई के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल कनेक्शन का काम पूरा हो चुका है, वहां तत्काल पानी की सप्लाई शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल व्यवस्था प्रभावित न हो, इस पर पीएचई विभाग के अधिकारी विशेष नजर रखें। संभाग अंतर्गत जलाशयों में पानी का पर्याप्त भराव है। आवश्यकता होने पर जिलों को पानी की उपलब्धता कराई जाएगी। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को सचेत किया कि कहीं से भी पानी की समस्याएं नहीं आनी चाहिए। संभागीय कार्यालय के सभाकक्ष में हुई बैठक में उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# टुल्लू पंप से निगम के नलों से पानी खींचा तो खैर नहीं, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में गर्मी के आते ही गहराते जलसंकट को देखते हुए निगम ने स्थिति से निपटने की तैयारी तेज कर दी है। शहर के सभी 60 वार्डों में निगम के नलों से टुल्लू पंप के जरिए पानी खींचने वालों की अब खैर नहीं है, ऐसे सारे लोगों पर निगम कार्रवाई करेगा। इसे लेकर अभियान चलाया जाएगा। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इसके लिए निर्देश जारी किए हैं। इतना ही नहीं सार्वजनिक बहने वाले नलों पर जल्द ही टोटियां लगाई जाएंगी। साथ ही पाइपलाइन का विस्तार किया जाएगा, ताकि वार्डों में पेयजल संकट की स्थिति न बने। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से भी आपूर्ति की तैयारी की जा रही है। पेयजल की समस्या को लेकर महापौर अल्का चंद्राकर ने अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने समस्या का समाधान करने और हर वार्ड में पर्याप्त पानी पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने वार्ड 59 हरी नगर में जल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समस्या के समाधान के लिए निर्देशित किया। बैठक में लीना दिनेश देवांगन, देवनारायण चंद्रकार, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद गोविंद देवांगन, शिवेंद्र परिहार, कार्यपालन अभियंता प्रकाश चंद थावनी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, विनोद मांझी, जल कार्य निरीक्षक नारायण सिंह ठाकुर मौजूद थे। महापौर ने कहा कि वर्तमान में गर्मी का मौसम प्रारंभ हो चुका है, इसे ध्यान में रखते हुए शहर के सभी वार्डों में नागरिकों को किसी भी प्रकार की जल समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

**गहराते जल संकट के समाधान के लिए निगम हुआ सक्रिय, नलों में लगेंगी टोटियां**

#### पानी की बर्बादी रोकने सर्वे

निगम ने तय किया है कि पानी की बर्बादी रोकने के लिए हर वार्ड में सर्वे कराया जाएगा। बैठक में अनावश्यक जल बहाव एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वार्ड क्षेत्र में जहां-जहां अनावश्यक रूप से पानी बह रहा है, वहां सार्वजनिक नलों में टोटी लगवाकर पानी की बर्बादी को तत्काल रोका जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पानी की समस्या को प्राथमिकता के साथ लेते हुए शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।



#### पाइपलाइन विस्तार को लेकर बनी कार्ययोजना

महापौर ने कहा कि शहर के ऐसे क्षेत्र जहां अब तक पाइपलाइन नहीं पहुंच पाई है, वहां जल्द से जल्द पाइपलाइन विस्तार की कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि नलों से टुल्लू पंप लगाकर अवैध रूप से पानी खींचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में पंप जब्त करने के साथ संबंधित नल कनेक्शन को काटा जाएगा और नियमानुसार जुर्माना भी वसूला जाएगा।

**जनगणना की तैयारी तेज, शिक्षकों को बनाया जाएगा प्रगणक-पर्यवेक्षक**

# जिले में 16 अप्रैल से शुरू होगी जनगणना 1 मई से घर-घर पहुंचेंगे गणना करने वाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जनगणना-2027 को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनगणना कार्य की प्रगति और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जनगणना के प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण की तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की सूची जल्द तैयार कर प्रस्तुत की जाए, जिसमें 10 प्रतिशत अतिरिक्त रिजर्व स्टाफ भी शामिल किया जाए। उन्होंने इस कार्य के लिए शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों, हेडमास्टरों तथा शासकीय कॉलेजों के स्टाफ की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी नगरीय निकायों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों, हेडमास्टरों तथा शासकीय कॉलेजों के स्टाफ की ड्यूटी इस कार्य में लगाने को कहा। जानकारी के मुताबिक मकान सूचीकरण का काम 31 मार्च तक किया जाएगा। इसके बाद सत्यापन प्रक्रिया के साथ 16 अप्रैल से जनगणना की शुरुआत होगी। 1 मई से गणना करने वाले घर-घर पहुंचेंगे।




#### कलेक्टर ने कहा-किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं

कलेक्टर ने प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति से जुड़ी जानकारी विस्तार से ली और उनके पदनाम, मोबाइल नंबर, पता सहित सभी आवश्यक विवरण शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले का कोई भी व्यक्ति या परिवार गणना से वंचित नहीं रहना चाहिए। जनगणना-2027 दो चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग) किया जाएगा, जिसमें सभी भवनों और मकानों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में जनसंख्या से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी।

#### गणना करने वाले की जिम्मेदारी कि किसी का नाम न छूटे

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मकान सूचीकरण ब्लॉक का कार्य 31 मार्च तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने नगरीय निकायों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों और तहसीलों में चल रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र को सूचीकरण से वंचित न रखा जाए। बता दें कि इतिहास में पहली बार एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब जनगणना करने वाले कर्मचारी के घर आने का इंतजार नहीं करना होगा, बल्कि आप खुद अपने मोबाइल या कंप्यूटर से परिवार का ब्योरा दर्ज कर सकेंगे। केंद्र सरकार इस बार सेल्फ मोड इंट्री की सुविधा दे रही है। प्रत्येक सदस्य की चल-अचल संपत्ति, शिक्षा और व्यवसाय का रिकॉर्ड भी सरकार के पास होगा। लोगों के लिए जनगणना पोर्टल खोला जाएगा। इस पर लॉगिन कर अपनी और परिवार की जानकारी सेल्फ मोड' में दर्ज कर सकेंगे।

#### हर सदस्य जनगणना पोर्टल पर देख सकेगा अपने बारे में जानकारी

बता दें कि नई व्यवस्था के तहत हर सदस्य अपना ब्योरा दर्ज करने के लिए जनगणना पोर्टल **censusindia.gov.in** या मोबाइल एप में देख सकेगा। इसके लिए सबसे पहले अपना मोबाइल नंबर और आधार नंबर का उपयोग करके स्वयं का पंजीकरण करना आवश्यक होगा। फॉर्म में मकान की स्थिति, परिवार के सदस्यों की संख्या, शिक्षा, व्यवसाय और अन्य सामाजिक-आर्थिक विवरण सही-सही भरनी होगी। फॉर्म सबमिट करने के बाद एक यूनीक रेफरेंस आईडी मिलेगी, जिसे भविष्य के लिए सुरक्षित रखना होगा। जब एन्यूमरेटर (जनगणना कर्मचारी) आपके घर आएं, तो उन्हें यह रेफरेंस आईडी दिखाएं ताकि जानकारी का सत्यापन हो सके।

# पीएम मोदी ने भारत के आधुनिक इतिहास में जोड़ा है एक स्वर्णिम अध्याय : सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महत्वपूर्ण पद में लगातार अपनी सेवाएं दी है जो अपने आप में आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक रहेगा।



सरोज पाण्डेय ने कहा कि आज हम एक ऐसे व्यक्तित्व, एक ऐसे नेतृत्व और एक ऐसे संकल्प के सानिध्य में कार्य कर रहे हैं जिसने भारत के आधुनिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। एक नेता, एक विजन और एक इतिहास यह शब्द केवल नारे नहीं हैं, बल्कि एक युग परिवर्तन की पहचान हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8,931 दिनों का निरंतर, अविराम और अडिग सार्वजनिक जीवन पूर्ण कर एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसे आने वाली पीढ़ियां गर्व के साथ याद रखेंगी। सुश्री पाण्डेय ने आगे कहा कि यह केवल दिनों की संख्या नहीं है यह त्याग, तपस्या और तप की पराकाष्ठा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है।

### जूनियर नेटबाल स्पर्धा के लिए 5 खिलाड़ी चयनित



**भिलाई।** मुजफ्फर नगर उत्तर प्रदेश में आयोजित 38 वीं जूनियर नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए दुर्ग जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ टीम में हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में बालक वर्ग में रिधक चटर्जी, आर कार्तिक, बालिका वर्ग में रिया यादव, टी साईका, सोनाक्षी शामिल हैं। यह प्रतियोगिता 24 मार्च से 27 मार्च तक चलेगी। यह सभी खिलाड़ी भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 नेटबॉल मैदान में निरंतर अभ्यास करते हैं। इन खिलाड़ियों के चयन पर संतोष कुमार साहू, अब्बास आलम, विजय छलोत्रे, जिला सचिव मोहन राव ने शुभकामनाएं दी है।

# एक नारी शिक्षित होती है तो दो परिवार और पूरा समाज होता है शिक्षित : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



जीविका स्वयं सहायता समूह और हमर हटरी परिवार के तत्वावधान में धनोरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस औ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया।

- **धनोरा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक**

विधायक ललित चंद्राकर कहा कि नारी शक्ति, मातृ शक्ति का सम्मान व चेतना जागृत करने के लिए आज पूरी दुनिया में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हो रहा है। उन्होंने अपने परिवार में अपनी माता और महिलाओं द्वारा मिले संस्कारों व अनुभवों को सांझा करते हुए कहा कि मां बच्चें की प्रथम पाठशाला और शिक्षिका होती है। जिस घर में महिलाओं द्वारा बच्चों को अच्छा संस्कार दिया जाता है वह परिवार विचारवान, संस्कारवार एवं समृद्धवान होता है। उन्होंने महान सम्राट शिवाजी की महानता की पिछे माता जीजावाई जैसे महिला के योगदान को उदृत करते हुए कहा कि हर पुरूष की सफलता एवं स्वस्थ्य समाज निर्माण के पिछे कही न कही नारी शक्ति का योगदान होता है। प्रदेश की माता-बहनों के जीवन को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विष्णु देव साय सरकार ने संकल्प लिया था कि हर महिला को 1000 की आर्थिक सहायता मिलेगी। हमारी सरकार इस वादे को पूरा करते हुए हर महीने मातृशक्ति के खाते में राशि पहुंचा रही है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामशिला साहू, पद्मश्री उषा बारले, उतई मंडल अध्यक्ष शीतल ठाकुर, सरपंच रूलेश्वरी बंजारे, ललेश्वरी साहू, यमुना साहू, पार्षद सरिता चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### धर्म स्वातंत्र्य विधेयक के पारित होने से सामाजिक संतुलन होगा स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 पारित किए जाने को राज्य की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक संतुलन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है। प्रिया साहू ने कहा कि पिछले कुछ समय से समाज के कमजोर वर्गों को निशाना बनाकर प्रलोभन, दबाव अथवा भ्रम फैलाकर धर्मांतरण कराने की घटनाएं सामने आती रही हैं, यह घटना ग्रामीण अंचलों में ज्यादा होती रही है, जिससे सामाजिक ताने-बाने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि नए विधेयक के लागू होने से ऐसी प्रवृत्तियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा और समाज में संतुलन तथा विश्वास कायम रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब धर्म परिवर्तन से जुड़ी किसी भी प्रक्रिया को विधिसम्मत और पारदर्शी बनाना अनिवार्य होगा। इसके तहत संबंधित पक्षों को पूर्व में ही प्राधिकृत अधिकारी को सूचित करना होगा, जिसके बाद आवेदन की सार्वजनिक सूचना जारी कर निर्धारित समय सीमा में उसका परीक्षण किया जाएगा। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी कि धर्मांतरण किसी भी प्रकार के प्रलोभन, दबाव या अनुचित प्रभाव के बिना ही किया जाए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं समस्त मंत्रिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह विधेयक प्रदेश में पारदर्शिता, न्याय और सामाजिक एकता को मजबूती देगा तथा छत्तीसगढ़ के प्रत्येक गांव एवं प्रत्येक समाज को संरक्षण प्रदान करेगा।



# मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल से कातुलबोड़ में होंगे 9.50 करोड़ रुपए के विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के सभी 58 वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण के लिए बड़े पैमाने पर विकास कार्य किए जाएंगे।

शहर विधायक एवं केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल पर शासन द्वारा 9.50 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति से शहर के विभिन्न वार्डों में लंबे समय से लंबित कार्य अब तेजी से पूरे किए जा सकेंगे। शासन से स्वीकृत राशि का उपयोग मुख्य रूप से नाली निर्माण, पुलिया निर्माण और जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए किया जाएगा। ये कार्य जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से प्राप्त मांगों के आधार पर प्राथमिकता तय करते हुए कराए जाएंगे, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी और आवागमन भी सुगम होगा। गजेन्द्र यादव ने कहा कि दुर्ग शहर का समग्र और संतुलित विकास प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा की हमारा उद्देश्य केवल निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि शहर के प्रत्येक वार्ड में रहने वाले नागरिकों को बेहतर और सुविधाजनक व्यवस्था प्रदान करना है। सामुदायिक भवन, सीसी रोड, सड़क चौड़ीकरण, एप्रोच रोड, बिजली पोल विस्तार जैसे कार्य जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से मिल रही प्रतिक्रिया के आधार पर योजनाएं तैयार की जा रही हैं, ताकि वास्तविक जरूरतों के अनुसार कार्य हो सके। इस पहल से दुर्ग शहर के सभी 58 वार्डों में आधारभूत ढांचा मजबूत होगा और शहर विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेगा।

- **मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों को दी जानकारी**



#### बी तुलसी राव भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने

**भिलाई।** पूर्व भारतीय सैनिक एवं गंजाम अग्निकुल क्षत्रिय समाज के महासचिव बी तुलसी राव भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनाए गए हैं। उनकी नियुक्ति पार्टी प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमति से की गई है। उन्होंने भारतीय सेना में 23 वर्षों से ज्यादा अपनी सेवाएं दीं। सेना की एक महत्वपूर्ण शाखा कोर ऑफ सिग्नल में उन्होंने अपने कैरियर की शुरुआत की थी। वे लगभग पांच वर्ष तक एनएसजी कमांडो का हिस्सा थे।

**बेहतर प्रदर्शन करने वालों को मिलेगा प्रमाण पत्र**

# 180 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को मिला आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को प्रशिक्षित किया गया। कुल 360 वालेंटियर्स को प्रशिक्षित किया जाना है, जिसके अंतर्गत प्रथम बैच का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। जिला सेनानी नगर सेना कार्यालय द्वारा नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं द्वारा 14 से 20 मार्च तक 180 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को नागरिक सुरक्षा की जानकारी दी गई। साथ ही फायर फाइटिंग के अंतर्गत अग्निशमन यंत्रों का उपयोग कर आग बुझाने के तरीके सिखाए गए। फर्स्ट एड प्रशिक्षण में सीपीआर, पट्टियां बांधने जैसी जीवनरक्षक तकनीकों का अभ्यास कराया गया। इसके अलावा रेस्क्यू ऑपरेशन के तहत आपात स्थिति में बचाव के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। इस प्रथम बैच में कुल 180 वालेंटियर्स शामिल हुए, जिनमें 75 पुरुष और 105 महिलाएं थीं।



आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर व्यक्ति आपदा के समय स्वयं, अपने परिवार तथा समाज की सुरक्षा के साथ राष्ट्र की सेवा भी कर सकता है। उन्होंने प्रशिक्षण को अत्यंत आवश्यक बताते हुए सभी से गंभीरता और लगन के साथ इसे सीखने की अपील की। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि आपदा और मुसीबत कभी भी अचानक आ सकती है, ऐसे समय में हर एक मिनट कीमती होता है। इसलिए प्रशिक्षण के दौरान दी जा रही जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनें, समझें और उसे अपनी डायरी में नोट करते रहें।

उन्होंने प्रतिभागियों को यह भी सलाह दी कि वे यहां सीखी गई बातों का नियमित अभ्यास करें और घर पर परिवार के सदस्यों के साथ भी प्रैक्टिस करें, ताकि जरूरत पड़ने पर सही तरीके से उसका उपयोग किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि जितना अधिक अभ्यास किया जाएगा, उतनी ही बेहतर तैयारी होगी और आपदा की स्थिति में प्रभावी ढंग से कार्य किया जा सकेगा। कलेक्टर ने कहा कि प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगामी 15 अगस्त के अवसर पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा के समय प्रशिक्षित वालेंटियर्स के माध्यम से त्वरित और प्रभावी सहायता सुनिश्चित करना है, जिससे जन-धन की हानि को कम किया जा सके।


दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध
श्रीमति वैदेही शर्मा
माँ कामख्या उपासक
फीस 251/-
श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, सतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।
माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 934390785
पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग
समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक
शाम: 04 बजे से 07 बजे तक

## खबर संक्षेप



### नवोदय विद्यालय बोरई में डगेश का चयन

**सेलूद।** नवोदय विद्यालय बोरई में कक्षा छठवीं के लिए शासकीय प्राथमिक शाला बाजार चौक सेलूद से डगेश ठाकुर का चयन हुआ है। वे ठाकुर पिता ऋषि ठाकुर व माता सुनीता ठाकुर के पुत्र है। चयन होने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद खिलेश मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू, पंच धनंजय साहू, पंच देवला साहू ने बच्चे के घर जाकर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए वाटर बाटल, स्कूल बैग व कम्पास बाक्स प्रदान किया। साथ ही प्रधान पाठक सरिता कुजांम संकुल प्राचार्य एमबी बंजारे संकुल समन्वयक योगेश साहू, शिक्षक विरेन्द्र चन्द्राकर, शिक्षिका रूपा देवांगन, गौरी साहू सहित ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए डगेश ठाकुर की उज्वल भविष्य की है।

### अशोक बने भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ब्लॉक अध्यक्ष

**पाटन।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग संभागीय अध्यक्ष बीके वर्मा ने ग्राम कुर्मी गुंडरा निवासी अशोक कुमार वर्मा को संगठन का



पाटन ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। अशोक कुमार वर्मा धमतरी जिले के बड़े करेली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कंपाउंडर के पद पर 43 वर्ष तक लगातार सेवा करने के उपरांत तीस सितम्बर 2025 को सेवानिवृत्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ एक राष्ट्रीय संगठन है जो देश भर के पेंशनरों के हित संवर्धन के लिए सतत प्रयासरत है। अशोक कुमार वर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर पाटन राज प्रधान युगल किशोर आडिल, भूषण लाल वर्मा, यशवंत बिजौरा, डॉ. एनएस वर्मा, कृष्ण कुमार पाटिल, राकेश धुरंधर आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

### नगपुरा का नाम रोशन किया रोहित ने



**अंडा।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम नगपुरा में किराना दुकान संचालन करने वाले भगवती राम देवांगन के सबसे छोटे पुत्र रोहित देवांगन ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजी पीएससी) के महिला बाल विकास विभाग के अधीक्षक पद (बाल देखरेख संस्थान) की परीक्षा वर्ष 2025 के 47 पद में 5 वें स्थान प्राप्त कर प्रवीणता सूची में नाम दर्ज कर पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दो तीन वर्ष में नगपुरा से ही कुछ नौजवान सीजी पीएससी में चयनित होकर उच्च पदों पर शासकीय सेवा दे रहें है। इनमें प्रमुख रूप से हेमंत सिन्हा सहायक आयुक्त आदिमजाति कल्याण विभाग कांकेर, हुलेश्वर नाथ खूंटे तहसीलदार राजस्व विभाग दुर्ग और उत्तम महोबिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोंडागांव में कार्यरत हैं। इसी कड़ी में रोहित देवांगन ने अपना नाम दर्ज कराया है। वरिष्ठ नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने निज निवास जाकर रोहित देवांगन का मुंह मीठा करवाकर श्रीफल शॉल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ मुकुंद पारकर, रविंद्र सिंहा, आदर्श विद्यालय के संचालक सुरेश सिंहा, पूर्व अध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंधन समिति रोहित देवांगन, अध्यक्ष साहू समाज खिलेंद्र साहू, प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## निधन

### रोशन लाल चंद्राकर

**दुर्ग।** दुर्गा चौक चंदखुरी निवासी



रोशन लाल चंद्राकर का आकस्मिक निधन 21 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मुक्तिधाम में किया गया। वे सुशीला देवी चंद्राकर के पुत्र, हेमलता चंद्राकर के पति, नरसिंह चंद्राकर के भाई एवं नयन चंद्राकर, गरिमा के पिता थे।

## ट्यूबवेलों व हैंडपंपों का भी जल स्तर नीचे चले जाने से लोगों को हो रही दिक्कत


# गर्मी से तालाब सूखने लगे, इधर ग्रामीण निस्तारी की समस्या को लेकर हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

विकास खण्ड के ग्रामों में स्थित तालाब सूखने लगे हैं। इससे ग्रामीणों को अब निस्तारी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बोरिंग का भी जल स्तर काफी तेजी से नीचे चला जा रहा है। धीरे-धीरे पेयजल की समस्या भी बढ़ने लगी हैं। खारुन नदी के किनारे बसे ग्रामो में भी खारुन के सूखने के कारण जलसंकट उत्पन्न हो रहा है।

पाटन विकास खण्ड के सेलूद सहित सभी 109 ग्राम पंचायतों में स्थित तालाब सूखने की स्थिति में है। इससे ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या होने लगी है। शुरुआती गर्मी में ही अभी ये हाल है। ग्रामीण बताते है कि अभी गर्मी का मौसम पूरी तरह से आया ही नही है और जल संकट शुरू हो गई है। इसे लेकर ग्रामीण काफी चिंतित है। सभी प्रमुख तालाब का पानी तेजी से घट रहा है। इसी तरह से ग्राम सेलूद, पतोरा, चुनकट्टा, फेकारी, परसाही, बोहारडीह, मानिकचौरी, मटंग, दैमार, पंदर, सोरम, कसही, दरबार मोखली, मर्रा, धुमा, सांतरा, छाटा, पेंड्री, अचनाकपुर, झीठ, रुही, लोहरसी, तर्रा, सावनी सहित अन्य ग्रामो में तालाब सूखने लगे हैं। वहीं पाटन विकास खण्ड के ग्राम पंचायतों में लगे बोरिंग भी अब जवाब देने लगे हैं। धीरे-धीरे

### तांदुला से पानी छोड़ने की मांग की गई



बोरिंगों का भी जल स्तर घटने लगी है। ग्रामीण इसकी जानकारी पीएचई विभाग को दे रहे है। पीएच ई विभाग द्वारा जिन ग्राम पंचायतों से बोरिंग खराब होने की जानकारी मिल रही है वहां तत्काल मेकेनिक भेजकर ठीक करा रहे हैं। वहीं सेलूद सहित आसपास ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग कर रहे की निस्तारी की समस्या को देखते हुए खारुन नदी में गंगरेल डेम या बड़ी नहरों के माधयम से तांदुला में निस्तारी के लिए चार पांच फीट पानी छोड़ा जाय जिससे ताकी लोगों के साथ जीव जन्तु और जानवरों को भी कुछ राहत मिले और एनकीटो व तालाबो मे पानी स्टोरेज किया जा सके। इससे बोर पम्प व हैंडपम्प के जल स्तर भी बढ़ेगा।

### खारून का जलस्तर भी घटने लगा

जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रहा है वैसे खारुन नदी का भी जलस्तर घटने लगी हैं। अभी मार्च महीने में बुरा हाल है, मार्च महीने में ही पानी किल्लत है तो तपती गर्मी वाले मई ,जून में स्थिति भयावह हो सकता है, ज्यादातर जानवरों के पीने के लिए पानी, निस्तारण मे समस्या आएगी। खारून नदी के किनारे बसे गांव विकराल संकट उत्पन्न हो सकता है। बोरेंदा, केसरा, तरीघाट, सोनपुर, सिपकोन्हा, गांव के ज्यादातर लोग खारून नदी पर निर्भर रहते हैं।

**एनकीटों मे कुछ ही दिन के लिए पानी शेष :** खारून नदी का जलस्तर तो घट रहा है लेकिन समय रहते गर्मी के पहले निस्तारण के लिए एनीकट को बंद नहीं किया गया जिसके कारण पानी ही नहीं बचा, जबकि मार्च महीने में एनीकट सुख रहे हैं मई जुन जैसे महिनो लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ सकता है,सभी निस्तारी वाले एनीकटों की बात की जाए तो पानी नहीं के समान ही नजर आ रहे हैं तांदुला से पानी छोड़ने की मांग की जा रही है।

## प्रौढ़ शिक्षा पढ़ना-लिखना ही नहीं यह आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का नई शुरुआत है : संगीता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंजोरा

शासकीय हाई स्कूल अंजोरा में रविवार को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आदेशित उल्लास बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन राष्ट्रीव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन हुआ। परीक्षा महाअभियान में शामिल होने वाले ग्रामीणों का क्षेत्र की जनपद सदस्य संगीता साहू ने तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि जब समाज मिलकर आगे बढ़ता है। तभी हर व्यक्ति ज्ञान की रोशनी से जगमगाता है। सहयोग से हीं शिक्षा का दीप जलता है। और यही दीप एक सशक्त समाज का निर्माण करता है।सरकार का मंशा है की 15 वर्ष से अधिक आयु के उन वयस्कों को साक्षर करना जो कभी स्कूल नहीं गए। जिससे निरक्षर लोगों शिक्षा के साथ-साथ प्रमाण पत्र भी मिलते है जिससे उनके जीवन में आने वाले बहुत सारे कार्यों में उपयोगी होते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्कूल की प्राचार्य संगीता साहू, सरपंच संतोष सारथी, उपसरपंच माखन साहू, पंच श्यामू साहू, कपिल साहू, जन्मेजय साहू, प्रभारी प्रचार्य होरी लाल चतुर्वेदी, शिक्षिका उमा राठौर, अभिलाषा साहू, ममता शर्मा, भिनेश्वरी साहू, शारदा साहू, शिक्षक मनोज गुप्ता, आकाश दुबे, शाहिद सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

■ संख्या ज्ञान आकलन राष्ट्रीव्यापी महापरीक्षा अभियान का हुआ आयोजन

## रानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस पर युवाओं ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

1857 की प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस एवं मूर्ति स्थापना कार्यक्रम 20 मार्च को ग्राम रूही में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक लोधी समाज रूही सर्किल पाटन जिला दुर्ग रहे।

■ सामाजिक सदस्यों द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम का शुभारंभ शोभायात्रा बाईक रैली ग्राम-रूही से प्रारंभ कर झीट, कोपेडीह, सांकरा, खम्हरिया, मोतीपुर, जामगांव एम भ्रमण कर किये। जिसका नेतृत्व ग्राम सांकरा के रवि ने किया। जिनके बाद लोधी समाज की महिलाओं के द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं सामाजिक सदस्यों द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मंचीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तौर पर सुरेन्द्र कौशिक जिला अध्यक्ष भाजपा दुर्ग, डॉ घनश्याम कौशिक प्रदेश महामंत्री लोधी समाज, नीलम राजेश चन्द्राकर सभापति जिला पंचायत दुर्ग, कीर्ति नायक जनपद अध्यक्ष पाटन, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर जनपद पाटन, हर्षा लोकमणी चन्द्राकर जिला उपाध्यक्ष भाजपा दुर्ग रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मेन्द्र कौशिक अध्यक्ष-पाटन परिक्षेत्र लोधी समाज ने किया।

## यज्ञ और हवन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत : संतश्री माताजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

चैत नवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के निकुम स्थित तीर्थराज देवी निकुंभला मंदिर, जय शक्ति आश्रम में आयोजित दुर्गा महायज्ञ में आस्था और भक्ति का माहौल है। रविवार को महायज्ञ के चौथे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और पूरे श्रद्धाभाव के साथ यज्ञ में शामिल हुए। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। प्रतिदिन की तरह आज भी सुबह 11 बजे विधि-विधान के साथ हवन प्रारंभ हुआ, जो दोपहर करीब 1 बजे तक चला। इस दौरान संस्थापक संत श्री माता जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना और हवन संपन्न कराया। यज्ञ में शामिल श्रद्धालुओं ने पूरे विश्वास और भक्ति के साथ आहुति देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति की कामना की। वातावरण मंत्रोच्चार और जयकारों से गूंजता रहा, जिससे पूरा आश्रम भक्तिमय हो उठा।इस अवसर पर संत श्री माता जी ने श्रद्धालुओं को मंत्रों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि यज्ञ और हवन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत हैं।

■ तीर्थराज देवी निकुंभला मंदिर में दुर्गा महायज्ञ के चौथे दिन उमड़े श्रद्धालु

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला में जुटे भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा



धमधा में भारतीय जनता पार्टी के मंडल स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ। भाजपा मंडल धमधा में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम श्री कृष्ण पैलेस में संपन्न हुआ, इस दौरान कार्यकर्ताओं को भाजपा की रीति-नीति, कार्यपद्धति, इतिहास, वैचारिक आधार तथा केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया, एआई और नमो ऐप के उपयोग पर भी प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री शिव चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री तेखन सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, उपाध्याय बृजेन्द्र दानी, महामंत्री बनऊ वर्मा, छगन साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष रमन लाल यादव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित ठाकुर, आदर्श शर्मा, श्वेता शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी पीयूष ताम्रकार, दिलीप गुप्ता, पार्षद कुमारी बाई टोनडरे, चंद्रिका प्रसाद भट्ट, अशोक यादव ने ध्वजारोहण कर भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय, डा. श्याम प्रसाद मुखर्जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर राष्ट्रीय गीत एवं राजकीय गीत के साथ प्रशिक्षण की शुरुआत किया गया।

प्रशिक्षण अवसर पर आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री शिव चंद्राकर ने कहा कि संगठन के ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को संगठन को विचारधारा और कार्यप्रणाली से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाते हुए पार्टी की कार्य पद्धति से जोड़ना है।

## अंचल की खबरें

### संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणा है माता कर्मा : साहू



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम रसमड़ा मे परिक्षेत्रिय स्तरीय भक्त माता कर्मा की जयंती एवं भवन लोकार्पण का आयोजन किया गया। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने माँ कर्मा की पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी समाज मिलकर काम करें तो समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। उन्होंने कहा कि भक्त माता कर्मा के बताए रास्ते पर अनुसरण करने से समाज का विकास सुनिश्चित है। इस अवसर अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड जितेन्द्र साहू,अध्यक्ष तहसील दुर्ग ग्रामीण पूसऊ राम साहू,पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रिय रोहित साहू,उमाशंकर साहू,सरपंच ग्राम रसमड़ा, जनपद सदस्य,युवा प्रकोष्ठ मुकेश साहू,भागवत साहू, चेतन साहू, नारायण साहू,ममता साहू पर ग्रामीण अध्यक्ष गण, सहित समाजिक भाई बहन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### सुदामा व श्रीकृष्ण की मित्रता सच्चे प्रेम और निस्वार्थ भाव



**अंडा।** ग्राम खप्परवाड़ा में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के दौरान शनिवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष एवं चढ़ौतरी का पावन प्रसंग श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान की महिमा का श्रवण करते रहे। कथावाचक पं. भूपेंद्र पांडे ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता सच्चे प्रेम और निस्वार्थ भाव का अद्भुत उदाहरण है। निर्धन होने के बावजूद सुदामा ने कभी भी भगवान से कुछ नहीं मांगा, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर उनके सारे कष्ट दूर कर दिए। इस प्रसंग से सच्ची मित्रता और भक्ति का संदेश मिलता है। इसके पश्चात परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर मोक्ष प्राप्त किया। इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि भगवान की कथा सुनने से मनुष्य को जीवन के अंत में भी मुक्ति का मार्ग मिल सकता है। कथा के अंत में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ौतरी (भेंट-पूजा) की गई, जिसमें भक्तों ने अपनी श्रद्धा अनुसार अर्पण कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। यह धार्मिक आयोजन स्व. वीरेंद्र सिंह चंद्राकर की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। आयोजन में उनके पुत्र संदीप चंद्राकर और सौरभ चंद्राकर सहित परिवारजनों और ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### आरुणि बने दुर्ग जिला भाजयुमो के नए महामंत्री



**धमधा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा में सांगठनिक बदलाव और मजबूती की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। अपनी सक्रियता और प्रखर कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले नगर धमधा के युवा नेता को आरुणि दानी को दुर्ग जिला भाजपा युवा मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। इससे स्थानीय कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष व उत्साह का वातावरण है। संगठन में लंबे अनुभव और पार्टी के प्रति निष्ठा का मिला फलदरअसल धमधा नगर पंचायत के पूर्व युवा पार्षद और भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रहे आरुणि दानी के पास संगठन के कामकाज का लंबा अनुभव है। उनकी इसी क्षमता को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष हिंमाशु सिंह ने उन पर भरोसा जताते हुए जिला महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

### समाज में सबकी सहभागिता सुनिश्चित हो : साहू




**पाटन।** ग्राम भनसुली (के)में ग्रामीण साहू समाज के तत्वाधान में संत माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डुलेश्वर साहू (उपाध्यक्ष, तहसील साहू संघ पाटन)थे। अध्यक्षता दिनेश साहू (कार्यकारिणी अध्यक्ष, तह.साहू संघ/जनपद सदस्य पाटन) ने की। विशेष अतिथि भगवती मुकेश साहू(संगठन सचिव परि. तेलीगुण्डरा), श्यामलाल साहू (सचिव,परि.साहू संघ),अशोक साहू (पूर्व उपाध्यक्ष,जिला पंचायत दुर्ग),पुरण लाल साहू सलाहकार तह साहू संघ,गरीबदास साहू कोषाध्यक्ष परि.साहू संघ,पद्मभूषण साहू (संरक्षक,स्थानीय मंडल भनसुली), नीलमणी साहू (पूर्व सरपंच), पिंकेश साहू ग्रामीण अध्यक्ष, दिनेश साहू महामंत्री, महेश साहू,डॉ के के साहू,नेतराम साहू ने श्रीकृष्ण एवं माता कर्मा की पूजा अर्चना कर ग्रामवासियों की सुख,शांति,सौहार्द की मंगलकामना की। सुबह 11 बजे भव्य कलश यात्रा,दोपहर में महाप्रसादी,शाम को अतिथि उद्बोधन एवं रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाच गोपाल बलराम की शानदार प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर स्थानीय अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू,उपाध्यक्ष यशवंत साहू,म.उपाध्यक्ष चंद्रावली साहू,कोषाध्यक डागेन्द्र साहू,सचिव मंथीर राम साहू,म.संग.सचिव लीलेश्वरी साहू,कैलाश साहू,कल्याण साहू,रामचरण साहू,भुवन बढ़ई, गौरी साहू सहसचिव, गीता साहू आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स मे आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट



**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# व्यापमं की लैब असिस्टेंट व सैंपलर पदों की भर्ती परीक्षा में आधे से ज्यादा अभ्यर्थी नहीं हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

व्यवसायिक परीक्षा मंडल ने रविवार को लैब असिस्टेंट व सैंपलर के पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की। ट्विनसिटी के दस परीक्षा केंद्रों में आयोजित इस परीक्षा में आधे से ज्यादा अभ्यर्थी परीक्षा देने ही नहीं पहुंचे। इन परीक्षा केंद्रों में कुल 3328 अभ्यर्थियों के शामिल होने का इंतजाम किया गया था। लेकिन केवल 1608 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने आए। 1720 अभ्यर्थी परीक्षा देने की नहीं पहुंचे।

## ट्विनसिटी के दस परीक्षा केंद्रों में रविवार को आयोजित की गई परीक्षा

### निर्धारित समय पर नहीं पहुंचे अभ्यर्थी वापस लौटे

व्यापमं द्वारा आयोजित यह परीक्षा एक पाली में आयोजित की गई। सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 मिनट तक परीक्षा चली। परीक्षा केंद्रों में सुबह 9 बजे तक अभ्यर्थियों को पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन ज्यादातर परीक्षा केंद्रों में अभ्यर्थी देरी से पहुंचे। जिसकी वजह से ऐसे अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया जा सका और उन्हे वापस लौटना पड़ा। व्यापमं ने हॉफ बॉह वाली शर्ट पहनकर ही आने कहा था लेकिन कई लोग पूरा बॉह ही पहने आए। इसलिए भी उन्हे प्रवेश से वंचित होना पड़ा।



### इन परीक्षा केंद्रों में ऐसे रही उपस्थिति

आटोनामस साइंस कालेज दुर्ग में 185 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। यहां 175 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। इस केंद्र में 360 अभ्यर्थी परीक्षा देने आते। शासकीय कन्या कालेज जेलरोड दुर्ग में 179 अभ्यर्थी शामिल हुए। 181अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। यहां 360 अभ्यर्थी को परीक्षा देनी थी।उदय प्रसाद पॉलिटेक्नीक कॉलेज दुर्ग में 191 अभ्यर्थी ने परीक्षा दी। यहां 179 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला केंद्र में 176 अभ्यर्थी शामिल हुए। 184 अभ्यर्थी नहीं पहुंचे। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दीपक नगर में 180 अभ्यर्थी परीक्षा देने आए। इस केंद्र में 180 अभ्यर्थी गैरहाजिर मिले। तिलक गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल शंकर नगर में 183 अभ्यर्थी ने परीक्षा दी। 177 अभ्यर्थी नदारद रहे। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल हॉस्पिटल सेक्टर में 143 अभ्यर्थी शामिल हुए। 157 अभ्यर्थी अनुपस्थित मिले। स्वामी आत्मानंद स्कूल रिसाली में 124 अभ्यर्थी परीक्षा में पहुंचे और 176 गैरहाजिर रहे। रूआबांधा स्कूल में 135 अभ्यर्थी शामिल हुए और 165 नहीं आए। मरोदा टैंक सरकारी स्कूल में 122 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे और 146 अनुपस्थित मिले।

### आज से होगा मूल्यांकन कार्य शुरू

व्यापमं द्वारा आयोजित इस परीक्षा की वजह से शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला और स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दीपकनगर में बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य बंद हो गया था। सोमवार से इन दोनों की मूल्यांकन केंद्रों में दसवी और बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन फिर से प्रारंभ हो जाएगा। दोनों केंद्रों में 94 हजार उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर, दो घायल

**भिलाई।** दुर्ग जिला के धमधा थाना अंतर्गत मेन रोड में सड़क किनारे खड़ी एक एसयूवी कार को ट्रक ने टक्कर मार दी। धमधा पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मोटर व्हिकलस एक्ट की धारा के तहत अपराध दर्ज किया है।
पुलिस के अनुसार कार पंकज कुमार टंडन चल रहे थे। उन्होंने शिकायत में बताया कि कि रविवार को क्रेटा कार सीजी 04 पीक्यू 2277 में वो यशवंत जैन और संगीता जैन रायपुर से खैरागढ़ जा रहे थे। दुर्ग से बेमेतरा मेन रोड किनारे गुप्ता होटल के सामने धमधा में वो लोग रुके थे। कार को उन्होंने सड़क किनारे खड़ा किया था। शाम करीब 5 बजे पीछे दुर्ग की ओर से आ रहे ट्रक सीजी 08 एल 3165 के चालक जितेन्द्र सिन्हा निवासी पगबंधी थाना धमधा ने तेज रफतार और लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए कार में टक्कर मार दी। इससे प्रार्थी और संगीता जैन को चोटें आई हैं।

### धर्म स्वातंत्र्य विधेयक दूरदर्शी कदम : भोजराज

**भिलाई।** नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में अवैध धर्मांतरण के विरुद्ध प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा



छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक को विधानसभा में पारित किया जाना एक ऐतिहासिक एवं दूरगामी प्रभाव वाला निर्णय है। यह कदम प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं एवं सामाजिक मूल्यों की रक्षा सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने सुशासन के संकल्प के साथ धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण और सम्मान को सर्वोपरि रखते हुए यह कठोर एवं प्रभावी कानून लागू किया है। अब किसी भी व्यक्ति द्वारा छल, बल, प्रलोभन अथवा डिजिटल माध्यम से धर्म परिवर्तन कराना गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में आएगा, जिससे ऐसे कृत्यों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा। इस कानून के अंतर्गत दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया गया है, जिसमें 7 वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा तथा 5 लाख से 30 लाख रुपये तक के अर्थदंड का प्रावधान शामिल है। साथ ही, त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में विशेष न्यायालयों का गठन किया जाएगा। विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति की जाएगी तथा दोषियों से पीड़ितों को आर्थिक मुआवजा (प्रतिकर) दिलाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

## भिलाई बचाओ आंदोलन के तहत देवेंद्र की अगुवाई में निकला मौन पैदल मार्च

# रिटेंशन का टेंशन खत्म नहीं किया तो इस्पात भवन के सामने देंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### रिटेंशन किराया और रजिस्ट्री शुल्क वृद्धि को लेकर प्रबंधन ने अब तक नहीं की चर्चा





भिलाई बचाओ अंदोलन के दूसरे चरण के तहत बीएसपी प्रबंधन द्वारा रिटेंशन किराया वृद्धि वापस नहीं लेने सहित अन्य मांगों के पूर्ण करने के वादों को अब तक पूरा नहीं किए जाने से गुस्साए भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की अगुवाई में हजारों कांग्रेस जनों, रिटेंशनधारियों और व्यापारियों ने मौन पैदल मार्च निकाला। श्री यादव ने चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने महीनेभर में मांगें पूर्ण नहीं की तो इससे भी 5 गुना बड़ा मार्च निकालेंगे और इसके बाद इस्पात भवन के सामने बैठकर खाना पकाना और खाना सब होगा। हम भिलाई को किसी भी स्थिति में उजड़ने नहीं देंगे। बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज और सेल चेयरमेन के नाम ज्ञापन में विधायक ने तत्काल रिटेंशन स्कीम की किराया व व्यापारियों की लीज रजिस्ट्री शुल्क वृद्धि वापस लेने,मजदूरों को मिनिमम वेज देने और भिलाई की बसाहट को नहीं हटाने की मांग की।

लंबित मांगों को लेकर शाम पांच बजे सिविक सेंटर चौक पार्किंग मैदान से मौन पैदल मार्च निकाला गया। विधायक श्री यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता,सेवानिवृत्त रिटेंशनधारी कर्मी, टाउनशिप के व्यापारी और ठेका मजदूरों के निकला पैदल मार्च सेंट्रल एवेन्यू होते हुए 25 मिलियन टन चौक पहुंचकर सभा में तब्दील हुआ। पैदल मार्च में भिलाई के मेयर नीरज पाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित पार्षद,ब्लाक कांग्रेस, महिला व युवा कांग्रेस आदि के सैकड़ों कार्यकर्ता भी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए देवेंद्र यादव ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भिलाई की बसाहट को उजाड़ने के प्रयास के खिलाफ हमने 2 से 5 अक्टूबर तक भिलाई बसाने में योगदान देने वाली जनता की मांगों को लेकर आमरण अनशन किया था। जिला प्रशासन व बीएसपी प्रबंधन के साथ हुई समझौता वार्ता में प्रबंधन ने हमारी मांग पर बीएसपी सेक्टर 9 हास्पिटल व मैत्रीबाग का निजीकरण कार्रवाई को रोकने के साथ रिटेंशन किराया वृद्धि व स्कीम बंद करने के विकल्प के रुप में लायसेंस पर रिटायर बीएसपी कर्मियो को लायसेंस पर आवास देने, व्यापारियों की लीज रजिस्ट्री शुल्क कम करने, मजदूरों को मिनिमम वेज देने का वादा किया था। लेकिन सेक्टर 9 हास्पिटल व मैत्रीबाग के निजीकरण को रोकने के अलावा बाकी मांगें 90 दिन बाद भी पूरी नही की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद बीएसपी को टुकड़े टुकड़े कर बेचा जा रहा है। हम भिलाई को दल्ली व नंदिनी की तरह उजड़ने नहीं देंगे। हमारे आंदोलन को भिलाई के लोगों के व्यापक जन समर्थन की यह ताकत ही है कि डबल इंजिन की सरकार के सांसद बार बार दिल्ली दौड़कर रिटेंशन स्कीम को यथावत रखने के लिए मजबूर हो रहे हैं। हमारे आज के 1 किमी पैदल मार्च ने बीएसपी प्रबंधन व प्रशासन की नींद उड़ा दी है अब प्रबंधन होश में आए। यदि प्रबंधन ने 1 माह में रिटेंशन स्कीम में राहत नहीं दी, ठेका मजदूरो को मिनिमम वेज नहीं दिया,व्यापारियो की लीज रजिस्ट्री शुल्क वृद्धि वापस नहीं ली, सेक्टरों को लोगों को उजाड़ना बंद नहीं किया तो इसके बाद इससे बड़ा मार्च होगा फिर इस्पात भवन का घेराव किया जाएगा। श्री यादव ने चेताया कि प्रबंधन व प्रशासन की लाठी, गोली हमें रोक नहीं पाएगी। पहली लाठी गोली का वार मैं झेलूंगा।

### लीज रजिस्ट्री शुल्क वृद्धि वापसी व श्रमिकों को दें मिनिमम वेज : विधायक यादव

25 मिलियन टन चौक पर हुई सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि दूरदर्शी व मेहनतकशों द्वारा वर्षों के पसीने से बसाए गए भिलाई को हम उजड़ने नहीं देंगे। सेक्टर 9 हास्पिटल सहित बीएस पी हमारी धरोहर है। विधायक के नेतृत्व में इस आंदोलन से प्रबंधन को सजेत होकर सेवानिवृत्तों बीएसपी कर्मियों के रिटेंशन किराया व वृद्धि वापस लेने के साथ लीज रजिस्ट्री शुल्क वापसी सहित सभी मागें तत्काल पूरी करना चाहिए। मेयर नीरज पाल ने कहा कि हम भिलाई के लोग भिलाई को बिकने नहीं देंगे। सरकार व प्रबंधन नहीं जागा तो बड़ा आंदोलन होगा। पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने कहा कि अपना पूरा जीवन बीएसपी को देने वाले रिटायर बुजुर्गो को हम बेघर नहीं होने देंगे। पार्षद सुभद्रा सिंह ने कहा कि भिलाई को बचाने के लिए हर नागरिक को आगे आने की जरुरत है। इस अवसर पर लीज संघर्ष समिति के संयोजक राजेंद्र परगनिया, स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू, पार्षद सीजू एंथोनी, साकेत चंद्राकर, अरूण सिंह सिसोदिया सहित पार्षद व यूनियनों के पदाधिकारी, रिटेंशनधारी व व्यापारी व कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी तादाद में उपस्थित थे।

# बीएसपी में 20% ठेका श्रमिकों की छंटनी के निर्णय से असंतोष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में मेन पावर के संकट बाद ठेका श्रमिकों की छंटनी के निर्णय मजदूरों में असंतोष है ।स्टील ठेका श्रमिक यूनियन नेए इंटक ने इसका कड़ा विरोध करते हुए प्रबंधन को चेतावनी दी है कि निर्णय वापस नहीं लेने पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। मजदूरों के बेकार हो जाने से हजारों परिवार सड़क पर आ जाएंगे।

■ स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने की निर्णय वापसी की मांग, नहीं तो होगा आंदोलन

इंटक की कार्यकारिणी की सेक्टर 4 यूनियन कार्यालय में हुई बैठक में ऑटो रिपेयर शॉप, टी एंड डी, कोको वन एवं सिविल विभाग से आए श्रमिकों ने भाग लिया। बैठक में प्रबंधन द्वारा प्रस्तावित 20% ठेका श्रमिकों की छंटनी के निर्णय का सर्वसम्मति से कड़ा विरोध किया गया तथा इस संबंध में यूनियन को लिखित आपत्ति पत्र सौंपा गया। यूनियन के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने कहा कि यह निर्णय न केवल हजारों श्रमिकों के रोजगार पर सीधा प्रहार है, बल्कि इससे संयंत्र की उत्पादन क्षमता और कार्य व्यवस्था भी गंभीर रूप से प्रभावित होगी। ठेका श्रमिक वर्षों से विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं देते हुए उत्पादन एवं लाभ में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में श्रमिकों की संख्या कम करना अव्यावहारिक एवं अन्यायपूर्ण है। इससे श्रमिकों का आर्थिक संकट उत्पन्न होगा और सामाजिक असंतोष भी बढ़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रबंधन के निर्णय वापस नहीं लेने पर लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

### यह हैं मजदूरों की मांगें

20% छंटनी का प्रस्ताव तत्काल वापस लिया जाए, ठेका श्रमिकों की नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ उत्पादन वृद्धि के लिए श्रमिक हितैषी एवं सकारात्मक नीतियां लागू की जाएं,श्रमिकों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन अथवा 26,000 प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाए।बैठक में यूनियन के सीपी.वर्मा, दीनानाथ सिंह, सार्वा आर., दिनेश, गुरुदेव साहू, किशोर प्रधान, पीके विश्वास, जयराम ध्रुव, दामन लाल, कान्हा राम, कुलेश्वर, देवेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, नरेंद्र, कामता पटेल, बलराम वर्मा सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

# विवेचना : स्पष्ट और संपूर्ण विवरण लेखबद्ध करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल दुर्ग द्वारा एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में गुणवत्तापूर्ण और विधिसम्मत विवेचना सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक विवेचक द्वारा जब्ती, सैंपलिंग, चेन ऑफ कस्टडी और विधिक प्रावधानों का पूर्णतः पालन किया जाए तथा प्रशिक्षण के माध्यम से विवेचना की गुणवत्ता को लगातार सुदृढ़ किया जाए। साथ ही न्यायालयीन अपेक्षाओं के अनुरूप साक्ष्य संकलन कर प्रभावी अभियोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। रविवार को पुरानी पुलिस लाईन, दुर्ग स्थित दधीचि प्रशिक्षण हाल में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की विवेचना को अधिक प्रभावी, विधिसम्मत एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एएसआई से लेकर निरीक्षक स्तर तक कुल 65 विवेचकों को आमंत्रित कर उन्हें एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप विवेचना की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रकरणों की विवेचना में प्रारंभिक कार्रवाई से लेकर अंतिम चालान प्रस्तुत करने तक की संपूर्ण प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया गया। प्रशिक्षण में एजीपी प्रकाश शर्मा ने एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में केस-स्टडी के माध्यम से विवेचना की गुणवत्ता सुधारने, विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं जांच के प्रत्येक चरण में सावधानी बरतने के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया।

### एएसआई से लेकर निरीक्षक स्तर तक 65 विवेचक हुए शामिल



### तकनीकी त्रुटियों से बचने कानूनी बिंदुओं की दी जानकारी

वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कसार ने एनडीपीएस एक्ट प्रकरणों में सूक्ष्म साक्ष्यों के महत्व, दस्तावेजी साक्ष्य की शुद्धता तथा न्यायालय में साक्ष्य की स्वीकार्यता सुनिश्चित करने के लिए विवेचना के दौरान स्पष्ट और संपूर्ण विवरण लेखबद्ध करने पर जोर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता केके द्विवेदी ने विवेचकों को न्यायालयीन अपेक्षाओं के अनुरूप विवेचना करने, तकनीकी त्रुटियों से बचने एवं प्रकरणों को मजबूत बनाने आवश्यक कानूनी बिंदुओं की जानकारी दी। वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी एफएसएल भिलाई पंकज ताम्रकार द्वारा सैंपलिंग प्रक्रिया, घटनास्थल पर त्रुटिरहित दस्तावेज तैयार करने, ओवरराइटिंग से बचने तथा जब्तशुदा मादक पदार्थ को शीघ्र एफएसएल परीक्षण हेतु भेजने के संबंध में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मणिशंकर चन्द्रा ने नशीली टेबलेट व कैप्सूल प्रकरणों में विवेचना की संपूर्ण प्रक्रिया, जब्त माल की सुरक्षित अभिरक्षा, चेन ऑफ कस्टडी के संधारण, धारा 50, 55 और 57 एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के पालन तथा धारा 29 के अंतर्गत सह-अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही के संबंध में विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया।

# दुर्ग रेलवे स्टेशन में ऑपरेशन क्लीन दस अनाधिकृत वेंडर पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



रेलवे स्टेशनों में अनाधिकृत वेंडरो की रोकथाम के लिए दुर्ग रेलवे स्टेशन में अभियान चलाया गया। रेलवे ने बताया कि वेंडरों के माध्यम से ट्रेनों तथा स्टेशनों में गुणवत्तायुक्त खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। स्टेशनों, ट्रेनों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई, खानपान की गुणवत्ता को बरकरार रखने अभियान चला रहा है। ट्रेनों व प्रमुख स्टेशनों में अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से जांच की जा रही है। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर अनाधिकृत वेंडरों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने अभियान चलाया गया। स्टेशन से गुजरने वाली सभी ट्रेनों की जाँच की गई, विशेष रूप से रात की ट्रेनों की जाँच की गई। इस दौरान 10 अनधिकृत विक्रेताओं को आरपीएफ को सौंपा गया। उनके खिलाफ धारा 144, 147 के तहत कार्रवाई की गई। प्लेटफार्म पर 547 किलो फलों को जप्त किया गया। यह सामान बिना पार्सल की अनुमति के रखा था। सामान 39 कैरेट में भरा हुआ था। 11 खाली कैरेट भी पकड़े गए जो लगभग 25 किलो के थे। इसे चीफ पार्सल सुपरवाइजर दुर्ग के अधीन जमा किया गया । 4 यात्रियों को प्लेटफार्म पर धूम्रपान करते भी पकड़ा गया। उनके खिलाफ कार्रवाई कर 800 रुपए का फाइन किया गया। अभियान ऑपरेशन क्लीन गोपनीय योजना के रूप में शुरू किया गया है।

## वाहन चालकों को आवागमन में हो रही है भारी दिक्कत

# भिलाई-चरोदा में गंदगी, बजबजाती नालियां और सड़कों पर बहता गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था बदहाल होती नजर आ रही है। शहर के कई इलाकों में गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे आम लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि कई जगहों पर नालियां जाम होकर बजबजा रही हैं और उनका गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे न सिर्फ दुर्गंध फैल रही है, बल्कि आवागमन करने वाले लोगों को भी काफी दिक्कत हो रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि निगम द्वारा नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है। कचरा उठाने में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण जगह-जगह गंदगी जमा हो रही है। बरसात या पानी भरने की स्थिति में यह समस्या और गंभीर हो जाती है।

उल्लेखनीय है कि शहर की साफ-सफाई को लेकर नागरिक कई बार नगर निगम प्रशासन को ज्ञापन सौंप चुके हैं। इसके बावजूद स्थिति में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। लोगों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित रह गई है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। गंदगी और गंदे पानी के कारण बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे लोग चिंतित हैं। शहरवासियों ने निगम प्रशासन से मांग की है कि नियमित सफाई अभियान चलाया जाए, नालियों की समय पर सफाई हो और कचरा प्रबंधन व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।





### निगम प्रशासन गंभीर नहीं

जनता गंदगी से त्रस्त है। चारों ओर गंदगी फैली है। लोगों ने साफ सफाई को लेकर कई बार ज्ञापन सौंपे हैं, लेकिन सफाई व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन गंभीर नहीं है।
**-रामखिलावन वर्मा,** नेता प्रतिपक्ष, भिलाई-चरोदा निगम



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 23 मार्च 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129




04 ऑफिस में है पार्टी तो ऐसे आउटफिट पहनकर दिखाएं अपना जलवा

## ● गोबर से ऊर्जा, गाय-बैल से समृद्धि, गांव से विकास और उद्योग से बढ़ेगी आत्मनिर्भरता

# आपदा में अवसर... एलपीजी का सबसे बेहतर विकल्प बायोगैस, ढाई टन गोबर से तैयार किया जा सकता है 42 किलो एलपीजी जितना ईंधन

**मिडल ईस्ट के संघर्ष ने एलपीजी की किल्लत बढ़ा दी है। वर्तमान समय में पूरा देश रसोई गैस की किल्लत से जूझ रहा है। ऐसे समय में एक बार फिर बायोगैस को एक विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। यह एलपीजी की तुलना में काफी सस्ता और ज्यादा उपयोगी माना जा रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो महज 10 से 60 लाख रुपए का प्लांट डालकर पूरे गांव में बायोगैस की सप्लाई की जा रही है। शहर के वार्डों में भी इसे उपयोग में लाया जा सकता है। महज ढाई टन गोबर के उपयोग से 42 किलोग्राम एलपीजी जितना बायोगैस तैयार किया जा सकता है, जिसे पाइपलाइन के जरिए आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई भी की जा सकती है। स्वावलंबी भारत अभियान ने इसे प्रोत्साहित करने के लिए नई मुहिम शुरू की है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।**

**भिलाई।** एलपीजी के संकट से मुक्ति के लिए नया प्रयास शुरू किया गया है। साथ ही ईंधन का बेहतर इस्तेमाल करने की तैयारी की जा रही है। माना जा रहा है कि इससे ग्रामीण विकास के साथ आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी। छत्तीसगढ़ प्रांत सह समन्वयक, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती के पूर्व अध्यक्ष तथा कैट के प्रदेश सलाहकार संजय चौबे ने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए उद्योगों को एलपीजी गैस का स्वदेशी विकल्प तैयार करने की दिशा में तत्काल कार्य प्रारंभ करना चाहिए। उद्योगों को अब इंडस्ट्रियल गोबर गैस (बायोगैस) प्लांट स्थापित करने की दिशा में योजना बनानी चाहिए। यह केवल एक वैकल्पिक ईंधन नहीं, बल्कि दीर्घकालिक स्वावलंबन, लागत नियंत्रण एवं ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। सामान्यतः छोटे से मध्यम स्तर के प्लांट 10 लाख से 60 लाख के बीच स्थापित किए जा सकते हैं। इससे न केवल उद्योगों को लाभ मिलेगा, बल्कि इससे गांव-गांव में गो-धन का संरक्षण, पशुपालन को बढ़ावा एवं किसानों की अतिरिक्त आय सुनिश्चित होगी। संजय चौबे ने बताया कि उद्योगों को चाहिए कि वे इस दिशा में शीघ्र पहल करें, अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का आकलन करें एवं चरणबद्ध तरीके से इंडस्ट्रियल बायोगैस प्लांट स्थापना की योजना बनाएं, जिससे भविष्य के ऊर्जा संकट से बचा जा सके और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सके।



### स्टार्टअप के लिए यह एक बड़ा अवसर, युवा आगे आएं

*संजय चौबे ने बताया कि प्रदेश के फेब्रिकेशन एवं औद्योगिक इकाइयों में ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ एलपीजी गैस का उपयोग कटिंग, हीटिंग एवं अन्य प्रक्रियाओं में बड़े पैमाने पर होता है। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान, अमेरिका एवं इजरायल के बीच तनावपूर्ण स्थिति के कारण गैस आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिसका सीधा असर उद्योगों पर दिखाई दे रहा है। यह समय आपदा को अवसर में बदलने का है। उद्योगों को स्थानीय संसाधनों पर आधारित ऊर्जा विकल्पों की ओर बढ़ना चाहिए।*


### दुर्ग में पहले ही किया जा रहा प्रयोग

बॉयोगैस को लेकर दुर्ग में पहले ही प्रयोग शुरू किया जा चुका है। सरकारी एजेंसियों द्वारा छोटे-छोटे प्लांट भी स्थापित किए गए है। डिमांड कम होने की वजह से ये प्लांट नियमित रूप से नहीं चल पा रहे हैं। अब फिर एक बार इन प्लांटों को शुरू करने की कवायद की जा रही है। प्रायवेट में भी तैयारी है।

### गोबर गैस प्लांट लगाया जाना बेहद आसान, बस ट्रेनिंग की जरूरत



संजय चौबे ने बताया कि इंडस्ट्रियल गोबर गैस प्लांट स्थापित करने के लिए उद्योगों को सबसे पहले अपनी दैनिक एलपीजी खपत का आकलन करना चाहिए। इसके बाद आसपास उपलब्ध गोबर, डेयरी वेस्ट, किचन वेस्ट एवं जैविक अपशिष्ट का सर्वे कर प्लांट की क्षमता तय करनी चाहिए। सामान्यत 1 क्यूबीक मीटर बायोगैस उत्पादन के लिए लगभग 25 किलोग्राम गोबर की आवश्यकता होती है। इस आधार पर 100 क्यूबीक मीटर प्रतिदिन गैस उत्पादन के लिए लगभग 2.5 टन गोबर प्रतिदिन की आवश्यकता होगी। 1 क्यूबीक मीटर बायोगैस लगभग 0.42 किलोग्राम एलपीजी के बराबर ऊर्जा प्रदान करती है। इस आधार पर 100 क्यूबीक मीटर बायोगैस प्रतिदिन लगभग 42 किलोग्राम एलपीजी के बराबर ऊर्जा उपलब्ध कर सकती है।



## लाइव इवेंट

### स्कूली बच्चों ने रोबोटिक क्लीनर तैयार किया, लीनेस क्लब ने किया सम्मानित



**भिलाई।** लीनेस क्लब भिलाई द्वारा संचालक मंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया। महिला सशक्तीकरण के तहत वैशाली नगर स्कूल की दो छात्राओं जिन्हें कि राष्ट्रपति द्वारा दिल्ली में सम्मानित किया गया था। दोनों ने मिलकर शहरों में अंडर ग्राउंड सीवरेज की सफाई में सफाई कर्मियों की दिक्कत देखते हुए एआई आधारित रोबॉटिक क्लीनर तैयार किया था। इस आधार पर उन्हें सम्मानित किया गया। मां से बेटी सवाई मल्टी प्रोजेक्ट के तहत मां बेटी को भी सम्मान दिया गया। स्वरोजगार के लिए सिलाई सेंटर, ब्यूटी पार्लर, बड़ी, पापड़, बिजौरी आदि बनाने वालों को भी क्लब ने सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष कल्पना श्रीवास्तव, सचिव मनीषा सिन्हा, कोषाध्यक्ष डॉ. मंजू तिवारी, शक्ति धरणि नूतन गनढोक, उज्ज्वला सिंह, उर्मिला टावरी, पुष्पा सिंह, अर्चना मिश्रा, मनमोहन राणा सहित अन्य मौजूद थे।




## सिटी इवेंट

### दुर्ग की लीना साहू कंप्यूटर टाइपिंग आशुलिपि हिन्दी प्रतियोगिता में प्रथम



**भिलाई।** केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में प्रतिवर्ष हिन्दी आशुलिपि, टंकण, प्रारूप लेखन, निबंध, स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस वर्ष आयोजित प्रतियोगिता में दुर्ग की लीना साहू को कंप्यूटर टाइपिंग परीक्षा में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही लीना ने आशुलिपि हिन्दी में 120 शब्द प्रति मिनट गति परीक्षा में भी पहला स्थान हासिल किया है। पहली में बार इस प्रतियोगिता में दुर्ग जिले से किसी प्रतिभागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम में अतुल जैन, सचिव भारत सरकार, केन्द्रीय जल आयोग ने प्रमाण पत्र व बैजयंती पदक से लीना साहू को सम्मानित किया। लीना साहू विगत चार वर्षों से आशुलिपि प्रशिक्षक जगमोहन सिन्हा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। लीना साहू को उसकी सफलता के लिए जगमोहन सिन्हा, बृजमोहन जैन, आशीष अग्रवाल, रेखा वर्गीस, प्रवीण पांडेय, प्रीति अवसरिया आदि ने शुभकामनाएं दी है। इस आशुलिपि प्रतियोगिता में 120 गति वर्ग में कु रेशमी साहू को प्रोत्साहन पुरस्कार, 100 गति वर्ग में हर्षिता साहू को प्रथम, सनत कुमार, केशरी पड़ोसी को विशेष पुरस्कार, 80 गति वर्ग में सीमा साहू, चांदनी ठाकुर को प्रोत्साहन पुरस्कार से नवाजा गया।

# दो लोगों ने की घर वापसी, सिख समाज में विधिवत किया गया स्वागत, एकजुटता का संदेश

■ यूथ सिख सेवा समिति के प्रयासों से समाज में लगातार लौट रहे हैं लोग



**भिलाई।** धर्म परिवर्तन को लेकर यूथ सिख सेवा समिति द्वारा मानव सेवा माधव सेवा के तहत एक परिवार की सिख पंथ में घर वापसी कराई गई। समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू एवं गुरुद्वारा हर गोबिंद साहिब कैंप 2 के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह चावला, छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के महासचिव गुरनाम सिंह कूका सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम और स्त्री सत्संग जत्था कैंप -2 एवं स्त्री सत्संग जत्था कैंप - 1 की उपस्थिति में गुरुद्वारा हरगोबिंद साहिब में घर वापसी कराई गई। सिख धर्म के सिद्धांतों एवं मानव सेवा से प्रभावित होकर फिर से सिख पंथ को अपनाया। यूथ सेवा के कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह एवं महासचिव जसवंत सिंह सैनी, महासचिव हरपाल सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा में रागी कमलजीत सिंह द्वारा कीर्तन, ग्रंथि सतविंदर सिंह द्वारा अरदास के उपरांत मुखवाक लेने के बाद सिरोपाओ की बख्शीश देते हुए घर वापसी कराई गई।

इस कार्य के लिए समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू की तारीफ की। इंद्रजीत छोटू वीर की तरफ से कहा गया कि जो भी प्राणी द्वारा धर्म परिवर्तन किया गया है, उनकी घर वापसी के लिए प्रयास किया जाएगा। उनकी जरूरतों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उनकी हर संभव मदद की जाएगी। इस तरह का प्रयास सिख समाज के साथी जारी रखेंगे। इस अवसर पर मीत प्रधान गुलविंदर सिंह, अजीत सिंह काले, गुरमीत सिंह, कुलविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, नेत्रपाल सिंह, वरयाम सिंह, सुनील सिंह मेहरा, निर्मलजीत सिंह, हरनेक सिंह सैनी सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### गुड़ी पड़वा पर गजानन मंदिर में श्री पूजन और अभिषेक, होगा काला कीर्तन

**भिलाई।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुड़ी पड़वा पर राम जन्मोत्सव का आयोजन गजानन महाराज मंदिर हुडको में किया जाएगा। 26 मार्च की सुबह 8 बजे चैत्र शुद्ध नवमी पर श्री पूजा और अभिषेक होगा। सुबह 10 बजे अलका किशोर गोवर्धन हाउसिंग बोर्ड द्वारा विधि-विधान से कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। दोपहर 12 राम जन्म होगा। शाम को 7:30 श्री जी की आरती और पूजा होगी। 27 मार्च की सुबह 8 बजे श्री की पूजा अभिषेक के बाद हल्का किशोर गोवर्धन का गोपाल काला कीर्तन होगा। इसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सुबह 6 बजे हनुमान जन्म और प्रसाद वितरण होगा। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ होगा। शाम को 7:30 बजे श्री की आरती एवं पूजा संपन्न होगी। यह जानकारी मंदिर समिति के वसंत राव कापरे और राजेंद्र जपे ने दी।



■ 26 मार्च को सुबह 8 बजे से शुरू होंगे कार्यक्रम

## सिटी इवेंट

### तेजी से गिर रहा भूजल स्तर, अब हर घर को बनाना होगा जल बैंक



**भिलाई।** तेजी से बढ़ते बोरवेल और ट्यूबवेल अब चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। शहर में पानी की मांग लगातार बढ़ रही है, लेकिन भूजल रिचार्ज उस अनुपात में नहीं हो पा रहा। यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में कई इलाकों में पानी का स्तर धीरे-धीरे नीचे जा रहा है। डॉ. के. पाणिग्रही ने बताया कि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अभी से ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में स्थिति गंभीर हो सकती है। छत्तीसगढ़ में हर साल अच्छी बारिश होती है, लेकिन उसका अधिकांश पानी बेकार बह जाता है। यदि इस पानी को सहेजा जाए, तो भूजल स्तर को स्थिर किया जा सकता है। हर घर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य बनाना समय की मांग है। इससे लाखों लीटर पानी हर साल जमीन में वापस जा सकता है। इसके साथ ही शहर में पाइजोमीटर लगाकर भूजल स्तर की निगरानी करना भी जरूरी है। निर्माण कार्यों में भूजल के उपयोग पर रोक लगाकर ट्रीटेड वाटर का उपयोग अनिवार्य करना चाहिए। साथ ही नए प्रोजेक्ट्स को मंजूरी देने से पहले 25 साल की जल उपलब्धता रिपोर्ट लेना आवश्यक होना चाहिए। यदि विकास और जल संरक्षण के बीच संतुलन नहीं बनाया गया, तो आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

## इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का आईसीएआई भवन में आयोजन

कार्नर न्यूज

# बैंक ऑडिट के बदलते ट्रेंड को लेकर सीए और खाता-बही से जुड़े एक्सपर्ट को दी गई व्यवहारिक और तकनीकी जानकारी

**भिलाई।** बैंक ऑडिट और लॉन्ग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट पर सिविक सेंटर भिलाई में सीए, अकाउंटेंट और बही-खाता से जुड़े विशेषज्ञों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बैंक शाखा ऑडिट की आवश्यकता और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के संबंध में जानकारी दी गई। बैंक ऑडिट की नई गाइडलाइन, महत्वपूर्ण परिवर्तन और आईआरएसी नॉर्म्स की जटिलताओं पर चर्चा की गई। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की भिलाई शाखा द्वारा ऑडिटिंग एवं एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स बोर्ड के सहयोग से फुल डे सेमिनार ऑन बैंक ऑडिट का सफल आयोजन आईसीएआई भवन सिविक सेंटर में किया गया। यह सेमिनार बैंक ऑडिट के बदलते परिदृश्य पर केंद्रित रहा, जिसमें सदस्यों को व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सीए राघवेन्द्र गोयल एवं सीए अनिरुद्ध तिवारी ने अपने विशेषज्ञ विचार साझा किए। राघवेन्द्र गोयल ने बैंक ब्रांच ऑडिट के ओवरव्यू एवं लॉन्ग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। वहीं सीए अनिरुद्ध तिवारी ने स्मार्ट बैंक ऑडिट्स विषय पर प्रभावी प्लानिंग, डॉक्यूमेंटेशन, एडवांस ऑडिट के महत्वपूर्ण मुद्दों एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की।



### कामर्स सेक्टर में पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स ने भी निभाई सहभागिता

इस अवसर पर शाखा के पूर्व अध्यक्ष राजेश बाफना, प्रफुल्ल कोठारी, पदम बराड़िया, सुरेश कोठारी, हर्ष जैन एवं राजेन्द्र कोठारी ने भी अपने अनुभव शेयर किए। साथ ही प्रबंध समिति से उपाध्यक्ष दिलीप जैन, कोषाध्यक्ष प्रभजीत सिंह जग्गी एवं सीआईसीएएसए चेयरमैन तलविंदर सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रुति जैन द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। सेमिनार में भिलाई शाखा के सदस्यों, सीए विद्यार्थियों एवं प्रोफेशनल्स की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शाखा के अध्यक्ष सुखदेव राठी एवं सचिव प्रतीक अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

### व्यावसायिक ज्ञान को समृद्ध बनाने में ऐसे आयोजन सहायक

अध्यक्ष सुखदेव राठी ने कहा कि ऐसे आयोजन व्यावसायिक ज्ञान को समृद्ध बनाने में काफी सहायक होते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों एवं वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सदस्यों के व्यावसायिक ज्ञान से युक्त कार्यशाला का आयोजन आगामी दिनों में भी किया जाएगा। ताकि होने वाले बदलावों के बारे में समय-समय में सभी मेंबर्स को जानकारी हो सके। अंत में शाखा द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। साथ ही अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानि किया गया।

## सिटी इवेंट

# कर्मवीर रत्न सम्मान से अलंकृत हुई ईश्वरी देवांगन



**दुर्ग।** शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन वृन्दावन हॉल रायपुर में किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से महिला दिवस के रूप में महिलाओं के लिए विशेष रूप से समर्पित रहा। इसकी अध्यक्षता मोना सेन अध्यक्ष छग फिल्म विकास निगम ने की। विशिष्ट अतिथि कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़ रहीं। जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान शिक्षकों वरिष्ठ नागरिकों व समाज सेवियों को आमन्त्रित किया गया था। उसमें शिक्षा कता साहित्य सृजन लोककला व समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभावान लोगों का सम्मान किया गया। जिसमे शासकीय तिलक कन्या उमा शाला दुर्ग की व्याख्याता ईश्वरी देवांगन को सामाजिक सेवा शिक्षा संस्कृति संस्कृत महिला सशक्तिकरण उत्कृष्ट प्रतिमा मेहनत कार्य के प्रति समर्पण तथा प्रेरणादायी उपलब्धियों रचनात्मक कार्यों के लिए आपको कर्मवीर रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया। प्रशस्ति पत्र सम्मान चिन्ह व शाल प्रदान कर आपके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस संस्था के संस्थापक संजय मैथिल व अध्यक्ष मीना भारद्वाज के सौजन्य से सम्पन्न हुआ। इसी वर्ष पाश्व अन्तर्राष्ट्रीय विविपीआईयू ट्रस्ट द्वारा ईश्वरी देवांगन को उल्लेखनीय कार्य के लिए राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।

## स्पोर्ट्स लाइव

# खिलाड़ी परिधि ने वूमेन ग्रैंड मास्टर स्वाति घाटे को हराकर मचाई सनसनी



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान तथा आल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में रायपुर के अग्रसेन धाम में आयोजित चीफ मिनिस्टर छत्तीसगढ़ ट्रॉफी राष्ट्रीय महिला शतरंज टीम चैंपियनशिप में पांचवें चक्र में छत्तीसगढ़ की बी टीम से खेल रही दुर्ग जिले की क्लास 8वीं कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई में अध्ययनरत खिलाड़ी परिधि लिल्हारे ने बड़ा उलटफेर करते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम की अनुभवी खिलाड़ी वुमेन ग्रैंड मास्टर स्वाति घाटे को हराकर सनसनी फैलाते हुए पूरे टूर्नामेंट का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। भारतीय जीवन बीमा निगम की खिलाड़ी स्वाति घाटे ने सिसिलियन डिफेंस से ओपनिंग की। परिधि ने काले मोहरों से खेलते हुए बेहतरीन काउंटरप्ले दिखाया। मिडिल गेम में परिधि ने स्थिति को संतुलित रखते हुए धीरे धीरे दवाब बनाया। एंडगेम में सटीक चालों से अनुभवी खिलाड़ी को मात दी। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, ललित वर्मा, एसके भगत, मोरध्वज चंद्राकर, दिनेश नालोडे, सह सचिव संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी, रॉकी देवांगन, जवाहर सिंह, अजय साहू, जयंता दास, अंतर्राष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े, अनिल शर्मा ने शुभकामनाएं दी है।

- 23 वीं राष्ट्रीय महिला शतरंज टीम चैंपियनशिप में दुर्ग जिले का कर रहीं प्रतिनिधित्व

## सिटी इवेंट

# नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ विषय पर पेंटिंग कार्यशाला का होगा आयोजन



**भिलाई।** मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे सामाजिक कार्यों को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। चर्चा में उन्होंने नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ विषय पर पेंटिंग कार्यशाला आयोजित किए जाने का सुझाव रखा, जिसे विजय शर्मा ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। इस दौरान चित्रकार रोहिणी पाटणकर, प्रवीण कालमेघ, गुंजन शर्मा तथा तरुण धोटे उपस्थित थे। मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन अपने युवावस्था से ही बच्चों को निशुल्क चित्र और मूर्तिकला सिखाते आ रहे हैं। जिससे हजारों बच्चे सृजनशील बने हैं और उच्चशिक्षा को प्राप्त करके देश के सभ्य नागरिक के रूप में सुखपूर्वक अपना जीवन यापन कर रहे हैं। गृहमंत्री ने छत्तीसगढ़ के खतरनाक क्षेत्रों में अंकुश देवांगन द्वारा सामाजिक कार्य किए जाने पर उन्हें साधुवाद दिया है। वहीं नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ विषय पर पेंटिंग बनाने के लिए उनकी तारीफ की है। उन्होंने कहा कि नक्सलियों के हिंसक कार्यों को बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा समाज के सामने लाया जाना प्रासंगिक है। इसके लिए गृह मंत्रालय द्वारा एक बड़ा पेंटिंग वर्कशॉप किया जाएगा, जिसमें बने चित्रों को न सिर्फ राज्य में बल्कि पूरे भारत में प्रदर्शित की जाएगी।

## वानिकी कॉलेज में विश्व वानिकी दिवस पर कार्यशाला, पर्यावरण संतुलन पर दिया जोर

# पर्यावरण को सहेजना सामूहिक जिम्मेदारी, इसे हम जितना जल्दी समझें, उतना ही हमारे लिए बेहतर

**दुर्ग।** वानिकी महाविद्यालय दुर्ग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा खमहरिया में विश्व वानिकी दिवस पर जागरुकता एवं शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अमित दीक्षित के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाना, वन संवर्धन को प्रोत्साहित करना तथा ग्रामीण समुदाय को सतत विकास के प्रति प्रेरित करना था। इस अवसर पर बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय वन और अर्थव्यवस्था रखा गया। इस प्रतियोगिता में गांव के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों में वन एवं पर्यावरण के प्रति जागरुकता विकसित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. आयुषी त्रिवेदी, डॉ. यामिनी बघेल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिश्चंद्र दर्रो, सरपंच सोनिया यदु, सरपंच प्रतिनिधि थानेश्वर यदु, उपसरपंच मनोज देशलहरे, डॉ. सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, डॉ. एकता सिंह उपस्थित थे।



### सिखाया गया सीड बॉल बनाने का तरीका

कार्यक्रम के अंतर्गत सीड बॉल कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को बीज, मिट्टी एवं जैविक खाद के समुचित मिश्रण से सीड बॉल बनाने की विधि सिखाई गई। इस कार्यशाला में वानिकी महाविद्यालय के शोधकर्ता साकेत कोसमा ने सीड बॉल तैयार करने की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इन सीड बॉल्स को बंजर एवं अनुपयोगी भूमि पर फेंककर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जा सकता है। इस अवसर पर गांव के विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए सीड बॉल्स तैयार किए और उनके उपयोग की जानकारी प्राप्त की।

### सांप काटने के दौरान प्राथमिक उपचार आवश्यक

कार्यशाला में बताया कि सर्पदंश स्नेक बाइट के बाद प्राथमिक उपचार आवश्यक है। वानिकी महाविद्यालय के शोधकर्ता खिलेश टेकाम ने ग्रामीण क्षेत्रों में पाए जाने वाले विषैले एवं अविषैले सर्पों की पहचान, सर्पदंश से बचाव के उपाय, प्राथमिक उपचार की विधियां तथा आपातकालीन स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। यह कार्यशाला ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं जीवनरक्षक सिद्ध हुई। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन एवं सतत विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने वनों की घटती संख्या, उसके दुष्प्रभावों तथा सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को प्रकृति संरक्षण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

### पर्यावरण के संरक्षण के लिए पहले उसे समझना आवश्यक

डॉ. आयुषी त्रिवेदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को केवल एक दिवस तक सीमित न रखते हुए इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरिश्चंद्र दर्रो ने स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की अपार संभावनाएं हैं। इस सात दिवसीय शिविर में यहां विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम अभियान, कार्यशालाएं, शिविर हो रहे हैं। सरपंच प्रतिनिधि थानेश्वर यद्दु ने ग्रामीण स्तर पर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए सभी ग्रामवासियों से इस दिशा में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

### जीव-जंतु और वनस्पति पारिस्थितिक तंत्र का अंग

डॉ. यामिनी बघेल ने जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक जीव-जन्तु एवं वनस्पति पारिस्थितिकी तंत्र का अभिन्न अंग हैं, अतः उनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। अन्य वक्ताओं ने भी पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत विकास के विषय में अपने विचार व्यक्त किए और सभी को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।



## आयोजन...

# छोटे बच्चों के सिंधी नृत्य और बोली ने बटोरी प्रशंसा, समाज के प्रतिभावान सम्मानित



**भिलाई।** झूलेलाल मंदिर कालीबाड़ी वैशालीनगर में चेट्रीचंड्र महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रात के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन में समाज के छोटे बच्चों की सिंधी बोली और नृत्य ने प्रशंसा बटोरी। कार्यक्रम में वैशालीनगर के विधायर रिकेश सेन प्रमुख रूप से शामिल हुए। शाम 5 बजे बाराणा साहब की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। आयोजन में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने भी शिरकत की। इस अवसर पर हेमू कालाणी चौक में फूलों की वर्षा की गई। रिकेश ने सांस्कृतिक आयोजन के दौरान कहा कि सिंधी समाज हर क्षेत्र में अग्रणी रहता है। उन्होंने समाज के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का संचालन युवा विंग अध्यक्ष डॉ. हेमंत अंभवानी ने किया। मुख्य रूप से राम सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दिलीप पवानी, मां दुर्गा झूलेलाल मंदिर समिति के अध्यक्ष अर्जुन सचदेव मौजूद थे। अंत में सामाजिक भंडारे का भी आयोजन किया गया।

**सिंधी पंचायत वैशाली नगर में चेट्रीचंड्र महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन**



## मंदिरों में चढ़ाई गई आमंत्रण पत्रिका

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की तैयारी शुरू



**दुर्ग।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ होने जा रहा है। इसे लेकर ऋषभ नगर स्थित जैन श्वेतांबर मंदिर उपाश्रय में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की पत्रिका का कुमकुम एवं पत्रिका लेखन का कार्य किया गया। जैन समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में यह कार्य सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के लोग शामिल हुए। प्रमुख रूप से ओसवाल पंचायत सकल जैन समाज एवं जैन समाज के विभिन्न घटक दलों के लोग इस आयोजन में विशेष रूप से उपस्थित थे। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि हर्ष और उल्लास के वातावरण में दुर्ग नगर में स्थित दिगंबर एवं श्वेताम्बर समाज के विभिन्न मंदिरों में पत्रिका लेखन के पश्चात आमंत्रण पत्रिका परमात्मा के चरणों में चढ़ाई गई। इसके बाद जैन समाज के सभी धरो में वितरण का कार्य प्रारंभ हुआ, जिन मंदिरों में आमंत्रण पत्रिका भेंट चढ़ाई गई, उनमें आदिनाथ जैन मंदिर गांधी चौक, दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, ऋषभदेव श्वेतांबर मंदिर शीतल नाथ जैन दिगंबर मंदिर महावीर जैन दिगंबर मंदिर स्टेशन रोड दिगंबर जैन मंदिर पदनाभपुर, आदिनाथ जैन दिगंबर मंदिर जिन कुशल दादाबाड़ी मालवीय नगर शामिल

**बैठक में आमंत्रण पत्रिका में लिखे भगवान के नाम**

## गर्ल्स कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में पोस्टर मेकिंग स्पर्धा का आयोजन

# कॉलेज की छात्राओं ने कल्पनाओं को केनवास पर उतारा कृषि मानव और औद्योगिक विकास को मिली सराहना

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** गर्ल्स कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग में समृद्ध छत्तीसगढ़ विकसित भारत की ओर विषय पर पोस्टर प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। एमएस द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने बड़े उत्साह से इसमें अपनी भागीदारी दी। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छग विकास के दौड़ में अन्य राज्यों से कई मामलों में आगे चल रहा है। यहां ऊर्जा, कृषि, पर्यटन, तकनीक एवं शिक्षा के क्षेत्र में विकास को ध्यान में रखकर शासन कई महत्वपूर्ण योजनाऐं चला रही हैं। जिससे राज्य का विकास तेजी से हो रहा है। छात्राओं ने इसे अपने पोस्टर में बहुत ही सुंदर रूप से प्रस्तुत किया है। अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मुक्ता बाखला ने कहा कि समृद्ध छत्तीसगढ़-विकसित भारत की ओर विषय को पोस्टर प्रस्तुतीकरण के रूप में लेने का उद्देश्य छात्राओं को राज्य के विकास के प्रति जागरूक करना एवं विकास की संभावनाओं को पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित करना है।



### प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए ज्ञानवर्द्धक एवं प्रेरणादायक रहा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रीमारानी दास, डॉ. मोनिया राकेश, ज्योति भरणे एवं डॉ. संध्या सिंह यादव उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अपनी सोच को केनवास पर उकेरा। सभी ने अपने-अपने तरीके से अपनी कल्पनाओं में रंग भरे। प्रतियोगिता के अंत में श्रेष्ट पोस्टर को सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान कॉलेज के विशेषज्ञों प्राध्यापकों ने प्रतिभागियों की मदद भी की।

### पोस्टरों में उकेरे गए प्राकृतिक संसाधन और ग्रामीण विकास

स्टूडेंट्स ने प्रतियोगिता के दौरान पोस्टरों में प्राकृतिक संसाधन, कृषि एवं ग्रामीण विकास, औद्योगिक विकास, मानव विकास, डिजिटल एवं आधारभूत संरचना को उकेरा। डॉ. दीपक कश्यप ने कहा कि छात्राओं ने अपने पोस्टर में राज्य के इन सभी क्षेत्रों में विकास को आकर्षक रूप से प्रस्तुत किया। डॉ. कमलेश चेलक ने सभी निर्णायकों को अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया। छात्राओं को भी उत्साहपूर्वक प्रस्तुति देने के लिए बधाई दी और कहा कि यदि राज्य के संसाधनों का सही उपयोग किया जाए, तो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।



## सिटी स्पोर्ट्स

## फैटी लिवर बन रहा बड़ा खतरा बचने के लिए सबसे जरूरी है इन बातों पर जरूर दें ध्यान



फैटी लिवर, जिसे हेपेटिक स्टीटोसिस के नाम से भी जाना जाता है ये आपकी सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली हो सकती है। इससे लिवर फेलियर का भी खतरा रहता है। आइए जानते हैं कि फैटी लिवर से बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?

लिवर हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। पाचन में मदद करने के साथ रक्त में अधिकांश रासायनों के स्तर को नियंत्रित करने, पित्त नामक उत्पाद को उत्सर्जित करने और अपशिष्ट उत्पादों को फिल्टर करके शरीर से बाहर निकालने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पेट और आंतों से निकलने वाला सारा रक्त लिवर से ही होकर गुजरता है।

इतने महत्वपूर्ण कार्यों को समझने के बाद आप ये जान ही गए होंगे कि इस अंग का स्वस्थ रहना कितना जरूरी है। पर क्या आप लिवर की सेहत का सही से ध्यान रख रहे हैं?

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि दुनियाभर में फैटी लिवर बीमारी के मामले काफी तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। आमतौर पर माना जाता रहा है कि जो लोग अधिक शराब पीते हैं उनमें इसका खतरा अधिक होता है पर शराब न पीने वाले भी इसका शिकार हो सकते हैं। लिवर में फैट बढ़ने के कारण कई गंभीर विकारों का खतरा भी हो सकता है, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतते रहनी चाहिए। आइए जानते हैं कि फैटी लिवर से बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?

### पहले जान लीजिए क्या है फैटी लिवर की समस्या?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं फैटी लिवर,



जिसे हेपेटिक स्टीटोसिस के नाम से भी जाना जाता है ये आपकी सेहत को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली हो सकती है। इसमें लिवर में फैट की मात्रा बहुत अधिक बढ़ने लग जाती है। ये स्थिति लिवर के सामान्य कार्यों को बाधित करने वाली हो सकती है। लिवर में फैट की मात्रा अधिक हो जाने के कारण इंफ्लेमेशन का खतरा बढ़ जाता है। गंभीर स्थितियों में इससे लिवर फेल होने और जान जाने तक का भी जोखिम हो सकता है। आइए जानते हैं कि आप इस खतरनाक स्थिति से कैसे बचे रह सकते हैं?

### वजन घटाना सबसे जरूरी

अध्ययनों में पाया गया है कि फैटी लिवर की समस्या के लिए वजन का अधिक होना प्रमुख कारण हो सकता है। अध्ययन से पता चला है कि शरीर का वजन 10% तक कम करने से लिवर की चर्बी, सूजन की समस्या और फैटी लिवर के कारण होने वाली अन्य दिक्कतें दूर हो सकती हैं।

जामा इंटरनल मेडिसिन में प्रकाशित एक मेटा-विश्लेषण में शोधकर्ताओं ने 22 अध्ययनों की समीक्षा की। अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों का वजन कम था उन्हें भविष्य में इस बीमारी का खतरा भी कम था। वहीं फैटी लिवर के शिकार जिन लोगों ने अपने वजन को कम किया उनमें इस रोग के कारण होने वाली जटिलताएं भी कम हो गईं।

### लिवर की सेहत का रखें ख्याल

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, प्रति सप्ताह कम



से कम 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि आपके लिए मददगार हो सकती है। नियमित व्यायाम के साथ आहार पर ध्यान देना, हरी सब्जियों-फलों से भरपूर चीजें खाना और वसा वाली चीजों का सेवन कम करना न सिर्फ वजन घटाने में मददगार है साथ ही इससे लिवर की सेहत को भी ठीक रखा जा सकता है। डॉक्टर कहते हैं, कम उम्र से ही अगर वजन को नियंत्रित रखने पर ध्यान दे दिया जाए तो फैटी लिवर सहित कई प्रकार की अन्य क्रोनिक बीमारियों से भी बचे रह सकते हैं।

### फैटी लिवर से बचे रहने के लिए ये उपाय भी जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, फैटी लिवर से बचे रहने के लिए कुछ उपाय मददगार हो सकते हैं। वजन कम करें। वजन बढ़ना इस रोग का प्रमुख कारण है, इसलिए वेट लॉस के सभी जरूरी उपाय करें। आहार, दवा या दोनों के माध्यम से ट्राइग्लिसराइड्स को कम करें। ट्राइग्लिसराइड्स भी लिवर की सेहत के लिए ठीक नहीं है।

## डाइटीशियन की सलाह : आहार में शामिल करें कुछ जरूरी चीजें


# एक उम्र के बाद दिल परेशान करे, इसके पहले अपनाइए ऐसा आहार जो दे आपको बड़ी राहत

हृदय रोगों की समस्या पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ी है, आश्चर्यजनक रूप से कम आयु के लोग न सिर्फ हृदय की बीमारियों के शिकार हो रहे हैं साथ ही इसके कारण मौत का जोखिम भी अधिक हो गया है। ज्यादातर शोध बताते हैं कि लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी इस रोग का एक कारक हो सकती है। समय पर इसपर ध्यान न देने के कारण हार्ट अटैक का जोखिम भी हो सकता है। हृदय स्वास्थ्य की बढ़ती दिक्कतों से बचाव के लिए आहार में सुधार करना जरूरी हो जाता है।

डाइटीशियन प्रियंका सहाय बताती हैं, जिस तरह से कम आयु के लोगों में हृदय रोगों की समस्या देखी जा रही है, ऐसे में जरूरी है कि हम समय रहते इसके खतरों को जानें और बचाव के उपाय शुरू कर दें। आहार में कुछ प्रकार की चीजों को शामिल करके हृदय को स्वस्थ रखने में मदद मिल सकती है।

### क्या कहती हैं आहार विशेषज्ञ?

डाइटीशियन प्रियंका बताती हैं, हृदय को स्वस्थ रखने के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहने की जरूरत है। सिर्फ डाइट या लाइफस्टाइल में सुधार करके ही लाभ नहीं पाया जा सकता है, इसके लिए दोनों का सामंजस्य



जरूरी है। अध्ययनों में पाया गया है कि कुछ चीजों को अगर नियमित आहार का हिस्सा बना लिया जाता है तो इससे लाभ मिल सकता है। हृदय की 40 फीसदी तक बीमारियों के खतरे को कम करने में स्वस्थ और पौष्टिक आहार के सेवन से मदद मिल सकती है। आइए इस डाइट प्लान के बारे में जानते हैं।

### हृदय को स्वस्थ रखने के लिए इन चीजों का आहार में शामिल किया जा सकता है



हृदय स्वास्थ्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण तत्व है, ओमेगा-3। ओमेगा-3 से भरपूर चीजों को आहार का हिस्सा बनाकर हार्ट की समस्याओं से बचाव कर सकते हैं। ओमेगा-3 स्वस्थ वसा का एक प्रकार है जो हृदय की गति को ठीक रखने और रक्तचाप को कंट्रोल रखने में मदद करता है। कुछ प्रकार के फैटी फिश, नट्स में ये भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

हार्ट की समस्याओं से बचाव के लिए आहार में ऑलिव ऑयल को शामिल करना भी बहुत फायदेमंद है। ऑलिव ऑयल भी स्वस्थ वसा है जो हृदय के लिए आवश्यक एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है। रक्त वाहिकाओं को मजबूती देने और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करने में ऑलिव ऑयल का सेवन करना मददगार हो सकता है।

नट्स भी हृदय की सेहत को ठीक रखने के लिए बहुत आवश्यक माने जाते हैं। प्रतिदिन एक मुट्ठी अखरोट आपके कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकता है। यह हृदय की धमनियों में सूजन को रोकने और हृदय की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में भी आपके लिए सहायक है। अखरोट की ही तरह बादाम को भी डाइट में शामिल करना हार्ट के लिए लाभकारी है।

शोधकर्ताओं ने बताया कि आहार में शकरकंद को शामिल करना भी हार्ट के लिए लाभप्रद है। शकरकंद लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स के साथ फाइबर, विटामिन-ए और लाइकोपीन से भी भरपूर होता है। हृदय रोगों के जोखिमों को कम करने और शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करने के लिए डाइट में शकरकंद को जरूर शामिल किया जाना चाहिए।

हार्ट की समस्याओं को कम करने में विटामिन-सी की भी बड़ी भूमिका रही है। मीठे और रसीले संतरे में कोलेस्ट्रॉल से लड़ने वाला फाइबर पेक्टिन होता है। इनमें पोटेशियम भी होता है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मददगार है। एक अध्ययन में पाया गया है कि दिन में 100 मिली संतरे का जूस पीना डायस्टोलिक रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है जिससे हृदय स्वास्थ्य में लाभ मिलता है।



## हल्का वजन उठाकर भी बन सकेगी बॉडी, अपनाईए ऐसे उपाय

मसल्स गेन/ वजन बढ़ाने के लिए लोग कई तरीके आजमाते हैं। जैसे : वजन बढ़ाने के लिए डाइट लेते हैं। इसके अलावा वजन बढ़ाने के लिए आयुर्वेदिक तरीके अपनाते हैं और मसल्स गेन के लिए डाइट में बदलाव करते हैं। साथ ही जिम जाकर हैवी वेट उठाते हैं आदि।

इसके अलावा कुछ लोग जल्दी वजन बढ़ाने के लिए मास गेनर का प्रयोग करते हैं। हैवी लिफ्ट करने से मसल्स ग्रो करने में मदद मिलती है क्योंकि हैवी लिफ्टिंग से मसल्स में ट्रामा और माइक्रो ट्रॉमा आते हैं। उसके बाद सही न्यूट्रिशन लेने से फूड उनके अंदर जाता है, जिससे मसल्स ग्रो करते हैं।

लेकिन कई लोग हैवी लिफ्ट नहीं करना चाहते और बिना हैवी लिफ्ट किए मसल्स गेन करने का सोचते हैं। क्या यह संभव है? जी हां, यह संभव है। बिना वेट लिफ्टिंग किए भी मसल्स गेन किया जा सकता है। लेकिन इसके लिए बॉडी वेट एक्सरसाइज के साथ कुछ अन्य तरीके अपनाने होंगे। इनके बारे में आप नीचे जानेंगे...



### अपनी गति बदलें

गति बदलने का मतलब यह है कि आप एक्सरसाइज के रेप्स को धीमा करके मसल्स ग्रो करने के प्रोसेस को बढ़ा सकते हैं। रेप्स स्लो लगाने से अधिक तनाव उत्पन्न होगा, जिससे मसल्स अधिक ब्रेक होंगे। जिस तरह हैवी वेट उठाने पर मसल्स पर टेंशन क्रिएट होती है, उसी तरह स्लो रेप्स करने पर भी टेंशन क्रिएट होगी। यदि आप बहुत धीमी गति से चलते हैं, तो मसल्स हाइपरट्रॉफी भी पर प्रभाव पड़ता है। इसलिए एक रेप्स में 3 सेकेंड तक का समय लें, क्योंकि यह वेटलिफ्टिंग के लिए सबसे अच्छी गति होती है। इससे अधिक धीमी गति करने से मसल्स हाइपरट्रॉफी कम हो सकती है।

### अपनी क्षमता बढ़ाएं


क्षमता बढ़ाने से मतलब यह है कि आप वेट उतना ही उठाएं और रेप्स भी उतने ही लगाएं। लेकिन हर सेट को और बेहतर बनाने की कोशिश करें और फुल फोकस के साथ, कंट्रोल के साथ और मसल्स माइंड को इंगेज करते हुए रेप्स करें। अधिक कंट्रोल्ड तरीके से एक्सरसाइज करना भी हैवी वेट उठाने के बराबर होता है। क्योंकि बिल्कुल सही फॉर्म में एक्सरसाइज करने से मसल्स पर अधिक तनाव उत्पन्न होता है। इसलिए बेहतर तरीके से एक्सरसाइज करने के लिए अपनी क्षमता को बढ़ाए रखें।

### रेस्ट टाइम को कम करें

अगर हम सेट के बीच में 3 मिनट आराम के साथ एक निश्चित वजन के 10 रेप्स करते हैं, तो इसी वजन के साथ आप जो 3 मिनट का रेस्ट ले रहे हैं, उसे 2 मिनट का कर दीजिए। इससे अधिक टेंशन क्रिएट होगी और मेटाबॉलिक स्ट्रेस पैदा होगा। आपको जिम में अपने हैवी कम्पाउंड एक्सरसाइज जैसे : बेंच प्रेस, स्क्वॉट्स और डेडलिफ्ट्स या बॉडीवेट मूव्स जैसे पुल-अप और पुशअप्स आदि के बाद रेस्ट समय को 2 मिनट से कम नहीं करना चाहिए।



## पैरेंट्स के लिए रूम डिजाइन करते समय ना करें ये वास्तु मिसटेक्स



जिस तरह घर में बच्चों के लिए अलग से रूम बनाया जाता है, ठीक उसी तरह पैरेंट्स के लिए भी रूम डिजाइन किया जाता है। हालांकि, पैरेंट्स का रूम डिजाइन करते हुए कुछ छोटी-छोटी वास्तु मिसटेक्स नहीं करनी चाहिए।

### कमरे में क्लटरिंग होना

जब भी आप पैरेंट्स के रूम को डिजाइन करें तो इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए कि उनके कमरे में बहुत अधिक क्लटरिंग ना हो। आप वहां पर अपने पैरेंट्स की जरूरत के अनुसार फर्नीचर रख सकते हैं, लेकिन बहुत अधिक फर्नीचर रखने से बचें। ऐसा करने से पैरेंट्स को कमरे में चलने में परेशानी हो सकती है और वे असहज महसूस कर सकते हैं। इतना ही नहीं, जब भी आप उनके कमरे में फर्नीचर इस्तेमाल करें तो ध्यान दें कि उसके कोने राउंड हो। शॉर्प कोने वाले फर्नीचर वास्तुशास्त्र में बहुत अच्छे नहीं माने जाते हैं।

### दिशा को नजरअंदाज करना

कमरा डिजाइन करने से भी ज्यादा जरूरी होता है उसकी दिशा का ख्याल रखना। अगर पैरेंट्स का कमरा गलत दिशा में बनाया जाता है तो इससे वह अक्सर परेशान रहते हैं या फिर उन्हें नेगेटिव फीलिंग्स आ सकती हैं। कोशिश करें कि पैरेंट्स का कमरा हमेशा दक्षिण-पश्चिम दिशा में बनाया जाए। अगर आप चाहें तो पैरेंट्स की सुविधा का ध्यान रखते हुए उनके कमरे में अटैच बाथरूमभी बनवा सकते हैं।

### बहुत अधिक इलेक्ट्रोनिक आइटम्स इस्तेमाल करना

कोशिश करें कि पैरेंट्स के कमरे में बहुत अधिक इलेक्ट्रोनिक आइटम्स का इस्तेमाल ना किया जाए। दरअसल, इलेक्ट्रोनिक आइटम्स से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन निकलती है, जो उन्हें नुकसान पहुंचाती हैं। हालांकि, आप उनके कमरे में एक टीवी लगवा सकती है, लेकिन वह टीवी उनके बेड से कम से कम चार से पांच फुट दूर होना चाहिए। जिससे इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन के कारण उन पर कोई नेगेटिव असर ना हो।

### खिड़की को नजरअंदाज करना

यूं तो घर में सही तरह से वेंटिलेशन के लिए खिड़की का इस्तेमाल करना जरूरी माना जाता है, लेकिन पैरेंट्स के कमरे में खिड़की होना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पैरेंट्स का कमरा कुछ इस तरह डिजाइन किया जाए कि उन्हें कमरे में धूप व हवा सही तरह से मिले। अगर ऐसा नहीं होता है तो कमरे में नेगेटिविटी बढ़ती है।

## एक जैसा नाश्ता मिलने से बोर हो गए हैं तो आजमाइए इन्हें



आजकल लोगों की लाइफस्टाइल काफी व्यस्त होती जा रही है, ऐसे में लोगों के पास सही से नाश्ता करने का समय नहीं होता। सुबह के वक्त हर किसी को इतनी जल्दबाजी होती है कि वो नाश्ते के ऐसे विकल्प तलाशने लगते हैं, जिसे बनाना काफी आसान हो।

### सूजी चीला

बेसन का चीला ज्यादा कुरकुरा नहीं होता है, ऐसे में आप इसमें सूजी डालकर इसका स्वाद कई गुना बढ़ा सकती हैं। इसके लिए आपको बस बेसन में थोड़ी सी सूजी मिलानी होगी।

### मूंगदाल का चीला

अगर बेसन के चीले से भी ज्यादा हेल्दी कुछ खाना चाहते हैं, तो मूंगदाल का चीला एक बेहतर विकल्प है। इसके लिए आपको बस मूंगदाल का पेस्ट बनाकर उससे चीला तैयार करना है। इसे आप हरी चटनी और सौंठ के साथ परोस सकती हैं।

### आलू चीला

अगर आप कुछ स्वादिष्ट सा खाना और बनाना चाहती हैं, तो आलू का चीला एक बेहतर विकल्प है। इसके लिए आपको उबले हुए आलू को कद्दूकस करके इसका इस्तेमाल करना है।

### पालक चीला

अगर आपको बेसन का चीला पसंद है, लेकिन आप इसका स्वाद बदलना चाहती हैं, तो इसमें पालक को एकदम महीन पीस कर डाल लें। इससे ये कुरकुरा भी बनेगा।

## कार्नर न्यूज

## साइबर क्राइम के बढ़ते असर को रोकना जरूरी

# एआई के दौर में अब वॉयस क्लोनिंग से भी हो सकता है फ्रॉड, जानिए इसे कैसे पहचान सकते हैं आप?

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस दुनिया भर में तेजी से विस्तार कर रहा है। एआई के मदद से लोग अपने पहचान वालों की आवाजें तक को कॉपी करने लगे हैं, जिससे क्राइम भी भी काफी बढ़ रहा है।

पूरी दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तेजी से अपना पैर पसार रहा है। भारत में भी इसका विस्तार लगातार बढ़ रहा है। एआई के मदद से लोग अपने पहचान वालों की आवाज तक को कॉपी करने लगे हैं, जिसे एआई वॉयस क्लोनिंग कहते हैं। इसके विकास के साथ-साथ क्राइम भी तेजी से बढ़ रहा है। दरअसल, आजकल ठगी की घटना को अंजाम देने के लिए एआई वॉयस क्लोनिंग का काफी इस्तेमाल किया जा रहा है। यह ठगों के लिए एक नया हथियार बन गया है। इसके जरिए किसी को भी आसानी से बिना किसी शक के निशाना बनाकर ठगी की घटना को अंजाम दिया जा सकता है। इसका शिकार आप भी हो सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि आप एआई वॉयस क्लोनिंग की पहचान कर कैसे ठगी से बच सकते हैं।



### कैसे करें वॉयस क्लोनिंग की पहचान?

अंजान नंबर से हो जाए सतर्क

अगर आपके पास किसी अंजान नंबर का फोन आए तो आप तुरंत सतर्क हो जाए। सबसे पहले इस अंजान नंबर की जांच करें। अगर अंजान नंबर से आपके किसी अपने की आवाज आए और वह आपसे मदद के लिए पैसे मांगे तो तुरंत मदद करने से बचें।

### आवाज को ध्यान से सुनें

अगर आपके पास अंजान नंबर से फोन आए और उसमें से किसी अपने करीबी की आवाज आए तो उस आवाज को ध्यान से सुनें। क्योंकि एआई कितनी भी तेजी से विकास करे वह इंसानों जैसी बातचीत पूरी तरह से नहीं कर सकता है। ऐसे में अगर आप ध्यान से आवाज को सुनेंगे तो आप पहचान पाएंगे कि फोन से कोई अपना बात कर रहा है या आपको ठगने की कोशिश की जा रही है।



### ऑडियो क्लिप ऑनलाइन न करें अपलोड

आप हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आप अपनी ऑडियो क्लिप को किसी भी ऑलाइन प्लेटफॉर्म पर अपलोड न करें। क्योंकि इससे आपकी वॉयस डेटा का गलत इस्तेमाल कर आपके ही किसी करीबी या आपके घर में ही ठगी की घटना को अंजाम दिया जा सकता है।


### पर्सनल डिटेल देने से बचे

अगर आपके पास किसी का फोन आए और उसपर आपसे किसी जरूरी काम हवाला देकर बैंक अकाउंट की जानकारी मांगता है तो उसे न दे भले ही सामने वाले की आवाज आपके घर के किसी सदस्य की हो।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## धूम मचाएगा 'स्क्विड गेम 3' का ट्रेलर, कई खतरनाक खेलों से भरा होगा आखिरी सीजन



'स्क्विड गेम 2' की सफलता के बाद दर्शक बेसब्री से इस सीरीज के तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे हैं। कुछ महीने पहले निर्माताओं ने 'स्क्विड गेम 3' की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया था। 'स्क्विड गेम' को वैश्विक स्तर पर दर्शकों का प्यार मिला है। अब इसका तीसरा और आखिरी सीजन धमाल मचाने के लिए तैयार है। वहीं, अब सीरीज के ट्रेलर पर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। प्रशंसक 'स्क्विड गेम 3' के पहले ट्रेलर के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं, जो कथित तौर पर मई में रिलीज होगा। दर्शकों को उम्मीद है कि इसका ट्रेलर सीरीज की तीसरी किस्त के लिए उत्साह बढ़ा देगा। हाल ही में रिलीज की गई पहली झलक वाली तस्वीरों के जरिए यह बताया गया था कि इस सीजन में खेल और भी ज्यादा खतरनाक होंगे।

इस वर्ष की शुरुआत में जारी किए गए एक 17 सेकंड के टीजर वीडियो में नए किरदार चुल-सु को पेश किया गया था। चुल-सू का संकेत पहली बार पोस्ट-क्रेडिट दृश्य में दिया गया था। स्क्विड गेम ने अपनी चौंकाने वाली डायस्टोपियन दुनिया से विश्व स्तर पर दर्शकों का मनोरंजन किया था, जहां प्रतियोगी बच्चों के खेल में भाग लेते हुए सचमुच अपने जीवन के साथ जुआ खेलते हैं। नए खेलों और पहले से कहीं अधिक दांव के साथ सीजन 3 एक दमदार क्लाइमेक्स पेश करेगा। इस सीरीज ने इतिहास रच दिया है, क्योंकि यह पहली गैर-अंग्रेजी टीवी सीरीज थी, प्राइमटाइम एमी पुरस्कार में नामांकन मिला और इसने अवॉर्ड भी जीता। 'स्क्विड गेम सीजन 3' 27 जून 2025 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### टॉलीवुड

## शूटिंग के दौरान ओडिशा की सबसे ऊंची चोटी 'देवमाली' पहुंचे राजामौली



फिल्म निर्माता एसएस राजामौली की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एसएसएमबी 29' ने पहले ही प्रशंसकों के बीच काफी चर्चा बटोरी है। राजामौली इस फिल्म में सुपरस्टार महेश बाबू के साथ काम कर रहे हैं। दोनों इस फिल्म के निर्माण में व्यस्त हैं। अब एसएस राजामौली ने फिल्म की शूटिंग के बीच सेट से एक वीडियो साझा किया है।

कुछ दिनों से फिल्म की टीम ओडिशा के जंगल में शूटिंग कर रही थी। फिल्म निर्माता ने ओडिशा के कोरापुट में प्रियंका चोपड़ा और महेश बाबू के साथ शूटिंग शेड्यूल पूरा कर लिया है और यहां तक कि कोरापुट के लोगों के गर्मजोशी भरे मेहमान नवाजी के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया था। शेड्यूल ओडिशा के सुरम्य कोरापुट जिले में आयोजित किया गया था। इस बीच अब राजामौली ने इस यात्रा का वीडियो साझा किया। राजामौली ने एक्स पर ओडिशा की सबसे ऊंची चोटी देवमाली की अपनी सोलो ट्रिप का एक वीडियो साझा किया। राजामौली ने लिखा कि ऊपर से दृश्य बिल्कुल लुभावना था। इस अनोखे निर्देशक ने दुखद स्थिति पर दुख व्यक्त किया, क्योंकि पर्वत शिखर पर ट्रेकर्स द्वारा फेंके गए कचरे से भरा हुआ था। उन्होंने लिखा, 'पथ को कूड़े से भरा हुआ देखना निराशाजनक था। ऐसे प्राचीन चमत्कार बेहतर के हकदार हैं। थोड़ी सी नागरिक भावना बहुत बड़ा बदलाव ला सकती है... हर विजिटर को इन स्थानों की रक्षा करने में मदद करने के लिए अपना कचरा वापस ले जाना चाहिए।' इससे पहले मंगलवार को जब राजामौली ने 'एसएसएमबी 29' के एक्शन से भरपूर शेड्यूल को पूरा किया तो सैकड़ों प्रशंसकों ने स्टार निर्देशक से मुलाकात की और स्थानीय एसएचजी द्वारा बनाए गए विशेष उपहारों के साथ उनका स्वागत किया।

### भोजपुरी

## प्रिया ने चलाया खेसारी पर जादू, नए गाने 'टुकलिया जान मारता' में दिखी गजब केमिस्ट्री



भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के अभिनय और गानों के फैंस दीवाने हैं। खेसारी भी दर्शकों को निराश नहीं करते और हर गाने में अपने शानदार अंदाज से मनोरंजन करते दिखाई देते हैं। अब वे नया गाना 'टिकुलिया जान मारता' आया है। यह गाना आज शुक्रवार 21 मार्च को रिलीज हुआ है और ट्रेंड कर रहा है।

इस गाने में खेसारी लाल यादव और प्रिया रघुवंशी नजर आ रहे हैं। दोनों के बीच कमाल की केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। गाने को खेसारी ने अपनी खूबसूरत आवाज से सजाया है। गाने के लिरिक्स अखिलेश कश्यप ने लिखे हैं। म्यूजिक डायरेक्ट आर्य शर्मा ने किया है। इस गाने को अब तक करीब दो लाख व्यूज मिल चुके हैं। प्रिया रघुवंशी गाने में खेसारी की पत्नी के रोल में नजर आ रही हैं। खेसारी लाल यादव किताब लेकर पढ़ते नजर आ रहे हैं, वहीं प्रिया उन्हें रिझाने की कोशिश कर रही हैं। वहीं, खेसारी पर कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा, वे पूरी तरह से एकाग्र होकर पढ़ाई कर रहे हैं। इस गाने पर यूजर्स की काफी अच्छी प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर लिख रहे हैं, 'गर्दा उड़ा दिया'। कुछ यूजर लिख रहे हैं, 'जोड़ी कमाल है'। हाल ही में खेसारी के गाने 'लोहा गरम' और 'सरसो के तेलवा' रिलीज हुए। यह उनकी फिल्म 'रिश्ते' के गाने हैं, जो होली पर 14 मार्च को रिलीज हुई। दोनों ही गानों में एक्टर आकांक्षा पुरी के साथ रोमांस करते दिखे। इसके अलावा उनका गाना 'चांदी के कटोरे' भी काफी वायरल हुआ।

## 'अति' का जलवा




2025 में, मैक्सिमलिज़्म यानि अधिकतम एक शानदार वापसी कर रहा है, जिसमें चमकीले रंग, बोल्ड पैटर्न और उदार संयोजनों को शामिल करने वाले डिज़ाइन हैं। यह प्रवृत्ति लोगों को अद्वितीय शैली विकल्पों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जो फैशन को व्यक्तित्व के उत्सव में बदल देती है। मैक्सिमलिज़्म का मतलब सिर्फ 'अति' नहीं है बल्कि यह अलग दिखना और परंपराओं को तोड़ना भी है।

## बदलते मौसम में शरीर पर हो रही है खुजली तो नहाने के पानी में मिलाएं इन चीजों को

जैसे-जैसे मौसम बदल रहा है, वैसे-वैसे शरीर पर कई तरह के बदलाव दिखाई देने लगे हैं। इस मौसम में बहुत से लोगों की त्वचा पर खुजली की समस्या होने लगती है। वैसे तो इस परेशानी के लिए बाजार में कई तरह के प्रोडक्ट मिल जाते हैं, लेकिन बहुत से लोगों को बाजार में मिलने वाले इन प्रोडक्ट पर भरोसा नहीं होता। ऐसे में वो घरेलू चीजों का इस्तेमाल करके इस परेशानी से छुटकारा पाना चाहते हैं। अगर आप भी उन्हीं लोगों में से हैं, जिन्हें घरेलू नुस्खों पर भरोसा है तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको शरीर की खुजली दूर करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप भी बिना ज्यादा पैसे खर्च किए इस परेशानी से राहत पा सके। इन नुस्खों को अपनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। तो चलिए इसके बारे में जानते हैं।



### नीम के पत्ते

भारत के हर गली-मोहल्ले में आपको नीम का बड़ा सा पेड़ दिख ही जाएगा। इसकी पत्तियां कई मामलों में काफी मददगार रहती हैं। खासकर अगर बदलते मौसम में आपको खुजली परेशान कर रही है, तो आप नहाने के पानी में नीम की पत्तियां डाल सकते हैं।

### ऐसे करें इस्तेमाल

नीम में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं। ऐसे में नीम की पत्तियों का इस्तेमाल नहाने के पानी में करने के लिए आपको नीम के पत्तों को पीसकर इसका अर्क निकालना है। अब इस अर्क को आप नहाने के पानी में डाल सकते हैं। कुछ ही दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

### सिरका

अगर आपके घर पर सेब का सिरका है, तो भी आप शरीर की खुलजी से राहत पा सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले तत्व कुछ ही दिनों में आपको शरीर की खुजली से राहत दिला सकते हैं।

### ऐसे करें इस्तेमाल

सेब का सिरका इस्तेमाल करने के लिए आपको बस नहाने का पानी लेना है और उसमें 2 ढक्कन सेब का सिरका यानी एप्पल साइडर विनेगर डालना है। अब इसे अच्छी तरह से मिलाकर इस पानी से नहाएं।

## ऑफिस में है पार्टी तो ऐसे आउटफिट पहनकर दिखाएं अपना जलवा



मौका किसी त्योहार का हो या फिर किसी अन्य फंक्शन का। यह हर किसी के लिए बेहद खास होता है। इस दिन लोग एक-दूसरे से गर्मजोशी से मिलते है और इस दौरान एक दूसरे की स्टाइल और फैशन पर ध्यान तो जाता ही है। त्योहार के दिन हर जगह का माहौल काफी खुशनुमा होता है।



इसी क्रम में कई दफ्तर भी ऐसे होते हैं, जो अपने कर्मचारियों के लिए किसी न किसी बात पर पार्टी का आयोजन करते हैं, ताकि हमेशा काम करने वाले उनके कर्मचारी अपने लिए वक्त निकालकर थोड़ा खुश रह पाएं। ऐसी पार्टियों में दफ्तर का माहौल भी काफी खुशनुमा हो जाता है। इस दिन लोग अपनी पसंद के रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर आते हैं, और एक साथ पार्टी का मजा लेते हैं।



अगर आपके दफ्तर में भी पार्टी है, लेकिन आपको समझ नहीं आ रहा कि पार्टी में क्या पहनें तो आपके लिए कुछ सुझाव है।

### शरारा सूट

आजकल इस तरह का शरारा काफी आरामदायक रहता है। इसके साथ दुपट्टा नहीं होता। ऐसे में आप आसानी से इसे कैरी करके अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं। इसके साथ हैवी झुमके से अपना लुक कंप्लीट करें।

### अंगरखा सूट

ऐसा अंगरखा सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। इसके साथ अपने बालों में आप पोनीटेल बना सकती हैं। इसके साथ गले में ऑक्सीडाइज नेकपीस पहन सकती हैं।

### साड़ी

अगर साड़ी पहनना पसंद तो दफ्तर की पार्टी में साड़ी पहनकर अपना जलवा दिखाएं। अगर आपकी साड़ी सफेद रंग की होगी, तो इसका लुक और भी ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

## अच्छी हेयर स्टाइल की समझें अहमियत, जरूर मिलेगी तारीफ

आपको गुड लुक्स देने में आपकी ड्रेस और स्किन केयर रूटीन का भी योगदान होता है। लेकिन इस बात को ये कहकर इग्नोर नहीं किया जा सकता है कि लोग सिर्फ कपड़ों को देखते हैं, स्किन, हेयर केयर या हेयर स्टाइल को नहीं। आपके मन में अगला सवाल पक्का यही आया होगा कि शादी सीजन में कैसे गुड लुकिंग दिखें? गुड लुकिंग दिखने की पहली शर्त आपकी शानदार हेयर स्टाइल है। अच्छी हेयर स्टाइल आपके पूरे लुक्स को ट्रांसफॉर्म कर सकती है।

### मीडियम लेंथ बालों के लिए हेयर स्टाइल

अगर आपके बाल मीडियम लेंथ के हैं और उनका टैक्स्चर भी स्मूथ है तो, आप फवाद खान के क्लासिक स्लीक बैक लुक को अपना सकते हैं। ये काफी पुराना लेकिन क्लासिक लुक है जो एथनिक वियर के साथ बेहतरीन तरीके से मिक्स एंड मैच किया जाता रहा है। हालांकि ये आपको पक्का करना होगा कि आपके बाल सही शेप में हों और उनकी केयर अच्छी तरह से की गई हो। अगर आप किसी



खास डेट पर स्पेशल दिखना चाहते हैं तो कम से कम एक महीने पहले से किसी प्रोफेशनल की मदद लेना ठीक रहेगा।

### लंबे बालों के लिए हेयर स्टाइल

अगर आपके बाल लंबे हैं, तो आप शाहिद कपूर का स्टाइलिश मॉप लुक आजमा सकते हैं। आपको करना सिर्फ इतना है कि आपको अपनी साइड्स को ट्रिम करना है, सिर के टॉप पर बालों की लेंथ को अच्छा रखना है। आप उन्हें हेयर वैक्स या पोमेड से एक साइड की तरफ कॉम्ब कर सकते हैं, और उसी हिसाब से स्टाइल भी कर सकते हैं।

## अपने सिंपल से लुक को स्टाइलिश स्लीव की मदद से बनाएं खूबसूरत

साड़ी हो या सूट कभी-कभी इनके बोरिंग स्टाइल हमें अच्छे नहीं लगते, तो कभी ट्रेंड में रहने वाले स्टाइल जैसे- टिप नेक, वन-स्ट्रिप ब्लाउज को पहनने का माहौल नहीं होता। ऐसे में आप केवल अपनी ड्रेस की स्लीव्स को स्टाइलिश बनाकर एक आकर्षक लुक पा सकती हैं, क्योंकि स्लीव्स अगर थोड़ा ट्रेंडी हों तो पूरा लुक नया हो जाता है। आप इन्हें अपने बड़ों और रिश्तेदारों के सामने या पूजा-पाठ में भी आराम से पहन सकती हैं।

### बलून स्लीव्स

इसकी स्लीव फ्री स्टाइल होती है, जो लास्ट में फिटेड बेल्ट से कंप्लीट हो जाती है। अगर आपके हाथ पतले हैं तो यह आपके लिए ही है। वैसे तो यह हर फैब्रिक पर



चल जाती है, लेकिन ऑर्गेंजा फैब्रिक में यह एकदम क्लासी लुक देती है।

### फिट एंड फ्लेयर

वेलवेट सूट में इस तरह की स्लीव्स बहुत सुंदर लगती हैं। इन्हें आप शादियों में पहन सकती हैं। इसे कोहनियों तक फिट किया जाता है और फिर एक फ्लेयर पैटर्न होता है।

### कॉउल और प्लीटेड

अगर आप एथनिक स्टाइल में मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो आपके लिए यह स्लीव स्टाइल बेस्ट है। इस पैटर्न में स्लीव्स प्लेटेड और लास्ट में फिटेड बेल्ट लगी होती है। मोटे बाजू वाली महिलाएं शिफॉन या जॉर्जेट जैसे हल्के फैब्रिक में इस तरह की स्लीव्स बनवाएं तो बहुत सुंदर लगती हैं।

### सिंगल स्ट्रिप

इस तरह की स्लीव्स सदाबहार हैं। ये सिंगल सट्रिप स्लीव्स होती हैं, इसलिए इनमें बाजू पूरी खुली रहती हैं। ये सूट, साड़ी और आपके एथनिक टॉप पर खूब फबती हैं।

**कार्नर न्यूज**

**लड़कों को अपनी स्टाइल का पूरा ध्यान रखना चाहिए, लोग करेंगे तारीफ**

## इस मौसम में टीशर्ट पहनते वक्त जरूर रखें इन बातों का ध्यान, तभी मिलेगा परफेक्ट लुक

जिस तरह से लड़कियां अपने कपड़े से लेकर ज्वेलरी तक का खास ध्यान रखती हैं, ठीक उसी तरह से लड़के भी आजकल अपने स्टाइल का काफी ध्यान रखते हैं। ऑफिस से लेकर घूमने जाने तक के लिए वह स्टाइलिश कपड़े पहनना पसंद करते हैं। इसके लिए कई बार लड़के बॉलीवुड सेलिब्रिटी से भी टिप्स लेते हैं, पर कई बार ऐसा होता है कि टिप्स लेने के बाद भी लड़के कपड़ों को सही से कैरी नहीं कर पाते। खास तौर पर आज के मौसम में जबकि गर्मी पूरी तरह से आई नहीं है, ऐसे में आपको हल्के-फुल्के टी-शर्ट खूब जचेंगे। टी-शर्ट पहनना काफी आसान है लेकिन फिर भी इसे पहनते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर आप टी-शर्ट पहनते समय कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो आपका लुक किसी हीरो से काम नहीं लगेगा। तो चलिए बिना देर करते हुए इन टिप्स के बारे में आपको बताते हैं।

### सही हो फिटिंग

अगर आप पोलो टीशर्ट पहन रहे हैं,



तो ध्यान रखें कि उसकी फिटिंग सही हो। अगर टीशर्ट ज्यादा ढीली होगी तो ये देखने में अजीब होगी, वहीं ज्यादा टाइट टीशर्ट आपके लुक को बिगाड़ सकती है। इसे पहनने से शरीर का आकार भी अजीब दिखता है।

### कॉलर करें सही से सेट

एक समय था जब ज्यादातर लड़के टीशर्ट के कॉलर को खड़ा रखते थे, लेकिन अब वक्त बदल गया है। आज के समय टीशर्ट का कॉलर सही से सेट किया हुआ ही अच्छा लगता है।

### बटन रखें बंद

टीशर्ट का परफेक्ट लुक पाने के लिए सिर्फ सबसे ऊपर वाला बटन खोल कर रखें। अगर आप सारे बटन खोलकर रखेंगे, तो ये देखने में काफी अजीब लगता है। खासतौर पर अगर आप दफ्तर जा रहे हैं, तो बटन का खास ध्यान रखें।

### टक इन करें या नहीं

अगर आपका पेट निकला हुआ है, तो कभी टीशर्ट को टकइन न करें। इससे पेट और अजीब दिखेगा। वहीं अगर आप एकदम फिट हैं, तो अपनी पसंद के हिसाब के टीशर्ट को टकइन कर सकते हैं।

### पॉकेट वाली टीशर्ट से रहें दूर

ज्यादातर टीशर्ट पर आगे की तरफ एक साइड पॉकेट लगी होती है। भले ही ये देखने में अच्छी लगती हो, लेकिन अगर आप इसे पहनेंगे तो आपका लुक खराब दिख सकता हैं।

